दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 18 फरवरी -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 60 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

यूपी की लाखों आंगनबाड़ी महिलाओं को तोहफा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने की मानदेय बढ़ाने की घोषणा

लखनऊ। होली से पहले उत्तर प्रदेश की लाखों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को योगी सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की करीब 3.10 लाख आंगनबाड़ी महिलाओं के मानदेय (सैलरी) में बढ़ोतरी करने का बड़ा ऐलान किया है। लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रही महिलाओं की बात आखिरकार सरकार तक पहुंच गई है।

सैलरी बढ़ने के बाद कितनी मिलेगी : फिलहाल उत्तर प्रदेश में एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री को हर महीने कुल 8,000 रुपये मिलते हैं। वहीं, सहायिकाओं को महीने के 4,000 रुपये दिए जाते हैं। इसमें मानदेय और सरकार की तरफ से मिलने वाली इंसेंटिव शामिल है। हालांकि सरकार ने अभी यह साफ नहीं किया है कि सैलरी में ठीक कितनी बढ़ोत्तरी होगी, लेकिन विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है।

69 हजार से ज्यादा पदों पर होगी भर्ती : आपको बता दें कि खुशखबरी सिर्फ सैलरी बढ़ने तक ही सीमित नहीं है। यूपी सरकार आंगनबाड़ी विभाग में खाली पड़े 69,206 पदों पर भी जल्द भर्ती करने जा रही है।

स्कूल में मोबाइल पकड़ा गया तो हरिद्वार भागे तीन नाबालिग

24 घंटे बाद पुलिस ने सकुशल किया बरामद

गाजियाबाद करंट क्राइम : गाजियाबाद सिटी जोन के थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में रहने वाले तीन नाबालिग छात्र स्कूल में मोबाइल पकड़े जाने के बाद तनाव में आ गए और घर से निकल गए। तीनों ने आपस में तय कर मुरादनगर से आरआरटीएस से सफर शुरू किया और पहले मेरठ, फिर सहारनपुर होते हुए हरिद्वार पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक, स्कूल में मोबाइल ले जाने पर शिक्षक ने शिकायत घर करने और दंडित करने की चेतावनी दी थी। इसी बात को लेकर तीनों नाबालिग घबरा गए और घर से निकल पड़े। यात्रा के दौरान सबसे छोटा किशोर रोने लगा और घर लौटने की जिद करने लगा। मंगलवार देर शाम तीनों हरिद्वार से वापस मुरादनगर पहुंचे। वायरल फोटो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने उनकी पहचान की और सभी को सकुशल बरामद कर लिया। सीसीटीवी में किशोर मेरठ की ओर जाते हुए भी नजर आए थे। एसीपी कविनगर सूर्यबलि मौर्य ने बताया कि तीनों से पूछताछ के बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों की काउंसलिंग कराने और भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए संवाद बनाए रखने की अपील की है।

प्रधानमंत्री के मेरठ दौरे से पहले नमो भारत ट्रेन की सुरक्षा होगी फुलप्रूफ, होगा ट्रायल

गाजियाबाद के अधिकारी संभालेंगे मेरठ के कार्यक्रम में अहम भूमिका



गाजियाबाद, करंट क्राइम। 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरठ में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट नमो भारत हाई-स्पीड ट्रेन का विधिवत उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम मेरठ के मोऊदीनपुरम क्षेत्र में प्रस्तावित है, जिसे लेकर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से एक दिन पहले, 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों की गहन समीक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए नमो भारत ट्रेन की सुरक्षा को पूरी तरह फुलप्रूफ बनाया जा रहा है। गाजियाबाद में साहिबाबाद से लेकर मोदीनगर तक पड़ने वाले सभी प्रमुख नमो भारत स्टेशनों पर अतिरिक्त पुलिस बल और सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे। रेलवे परिसर, प्लेटफॉर्म और आसपास के संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इसके साथ ही ड्रोन, कैमरों और सीसीटीवी के जरिए लगातार निगरानी की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की चूक या अव्यवस्था की कोई गुंजाइश न रहे। प्रशासन का दावा है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम और नमो भारत ट्रेन के संचालन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था के सभी इंतजाम चाक-चौबंद रहेंगे।

बनेंगे 10 हेलीपैड, सीएम, राज्यपाल और केंद्रीय मंत्रियों की रहेगी मौजूदगी

करंट क्राइम : सूत्रों के अनुसार, मेरठ में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए कुल 10 हेलीपैड बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री के विशेष विमान और एसपीजी सुरक्षा दल के लिए अलग हेलीपैड होगा, जबकि मुख्यमंत्री और राज्यपाल के लिए पृथक हेलीपैड निर्धारित किए जाएंगे। इसके अलावा, एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्रियों के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है, जिनमें से कुछ सड़क मार्ग से मेरठ पहुंचेंगे।

गाजियाबाद के अधिकारी संभालेंगे मोर्चा

करंट क्राइम : कार्यक्रम की संवेदनशीलता को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के ट्रैफिक, इंटेलिजेंस और अन्य महत्वपूर्ण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी मेरठ में लगाई जाएगी। इंटेलिजेंस एजेंसियों के अधिकारी और एसएसएफ के विशेष दस्ते भी मौके पर तैनात रहेंगे। गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत एक्शन लिया जा सके।

रात 10 बजे के बाद डीजे बजाया तो एफआईआर तय, पुलिस कमिश्नर ने दिए सख्त निर्देश

बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर फैसला, तीनों जोन में सख्ती लागू

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद में बोर्ड परीक्षाओं के शांतिपूर्ण और तनावमुक्त आयोजन को लेकर पुलिस कमिश्नरेट ने सख्त कदम उठाया है। अब रात 10:00 बजे के बाद किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तेज आवाज में डीजे बजाने पर स्थानीय थाना पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी और जरूरत पड़ने पर मुकदमा (एफआईआर) भी दर्ज किया जाएगा।



पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड ने यह निर्देश जिले के तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों को लिखित रूप में जारी किए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई में किसी भी प्रकार का व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बताया गया कि सभी बोर्ड सहित अन्य परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में छात्रों को शोर-शराबे से होने वाली परेशानी और मानसिक तनाव से बचाने के लिए यह विशेष व्यवस्था लागू की गई है। निर्देश कमिश्नरेट स्तर पर प्रभावी कर दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी बैंक्वेट हॉल, होटल, पार्क या अन्य आयोजन स्थल पर तय समय के बाद डीजे बजता पाया गया, तो आयोजक के साथ-साथ संबंधित मालिक या मैनेजर के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी और उनके नाम भी एफआईआर में दर्ज किए जा सकते हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि आदेशों की अनदेखी करने पर थाना प्रभारी, एसीपी और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी, और लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस प्रशासन ने आमजन से नियमों का पालन करने और विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सहयोग करने की अपील की है।

उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री मोदी करेंगे एक बड़ी जनसभा को संबोधित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नमो रैपिड रेल के दूसरे चरण की शुरूआत होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेरठ के मोहिउद्दीनपुर में इसका उद्घाटन करेंगे। यह दूसरे चरण की रैपिड रेल योजना का उद्घाटन होगा। इसकी सभी तैयारियां हो चुकी हैं। मोहिउद्दीनपुर शुगर मिल के सामने इस परियोजना की शुरूआत होगी। यहां पर खास बात ये है कि इस शुरूआत से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। बताया जाता है कि यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अब तक की ऐसी सबसे बड़ी जनसभा होगी जिसे प्रधानमंत्री सम्बोधित करेंगे। सूत्र बताते हैं कि लगभग 2 लाख लोग इस जनसभा में मौजूद रहेंगे। 2 लाख लोगों के हिसाबसे यहां व्यवस्था की गई है। चार जिलों के लोगों को इस जनसभा में बुलाया गया है। इसमें मेरठ देहात और महानगर के अलावा हापुड़ और गाजियाबाद से भी लोग पहुंचेंगे।

हरीश ठाकुर और मानसिंह को मिली जिम्मेदारी

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को नमो रैपिड रेल का उद्घाटन करने आ रहेहै। इस रेल का उद्घाटन मोहिउद्दीनपुर में होगा। यहीं पर एक जनसभा भी होगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होने वाली यह प्रधानमंत्री की एक बड़ी जनसभा है। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही हैं। जहां सरकारी अमला पूरी तैयारी में जुटा है वहीं संगठन स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। गाजियाबाद के लिए भी यह एक गौरव का पल रहेगा जब प्रधानमंत्री के बड़े कार्यक्रम की व्यवस्था का दायित्व गाजियाबाद को भी मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली कार्यक्रम के सहप्रमुख के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी को जिम्मेदारी मिली है। एक बड़े कार्यक्रम की जिम्मेदारी मिलना भी अपने आप में बड़ा संदेश है। वहीं नोएडा के हरीश ठाकुर को इस रैली का प्रमुख बनाया गया है। गौरतलब है कि मानसिंह गोस्वामी को इससे पहले भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिमी बंगाल तक बड़ी जिम्मेदारियां मिल चुकी है। वो इन सभी जिम्मेदारियों पर खरे भी उतरे हैं।

'कार्यकर्ता बन सकते हैं, नेता नहीं–जब तक जेब भारी न हो' : बालेश्वर त्यागी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। कई लोग विशेषतौर से नौजवान कभी कभी मुझसे पूछ लेते हैं कि हमें राजनीति में आगे बढ़ने के लिए क्या करना चाहिए। तो मुझे भर्तृहरि का नीति शतक का निम्न श्लोक याद आ जाता है-

'यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः
स पण्डित स श्रुतवान गुणज्ञः।
स एव वक्ता स च दर्शनीयः
सर्वे गुणाः कांचनमाश्रयन्ते।।'

'जिसका भावार्थ है – जिसके पास धन है वही ऊँचे परिवार का है, वही विद्वान हैं, वही शास्त्रों का ज्ञाता है। वही सुने जाने योग्य है, वही गुणवान है, वो ही प्रभावी वक्ता है, वो ही देखने में अच्छा है। कहने का तात्पर्य है कि सोना सभी गुणों से परिपूर्ण है। अर्थात धन है तो सभी गुण हैं।'

भर्तृहरि चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के बड़े भाई थे। वे संस्कृत के बड़े विद्वान और कवि भी थे। उन्होंने शृंगार शतक और नीति शतक लिखे। एक घटना के कारण उन्हें वैराग्य हो गया और राजपाट अपने अनुज भ्राता विक्रमादित्य को सौंप कर संन्यास लेकर वन चले गए। तब उन्होंने वैराग्य शतक लिखा। ये लगभग 2082 वर्ष पुरानी घटना है। लेकिन राजनीति में आज उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उस समय रही होगी।

मेरी समझ से अगर साधन नहीं हैं अर्थात धन नहीं है तो आगे बढ़ने के अवसर लगभग शून्य हो गए हैं। देश की आजादी के एकदम बाद जो राजनीति प्रारंभ हुई वह अब 160 डिग्री बदल गई है। पहले दल की नीति, दल के सिद्धांत और दल की कार्य संस्कृति पूरी तरह बदल गई है। दलों का मूल्यांकन उनकी नीतियों जिनमें आर्थिक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक सभी पक्षों पर होता था। मुझे नहीं पता कि आम मतदाता उसे कितना समझता था या नहीं लेकिन राजनैतिक दलों को इन सारे बिंदुओं पर अपने अपने पक्ष को रखना आवश्यक लगता था। मीडिया और बुद्धिजीवी वर्ग का एक प्रभावी दबाव राजनैतिक दलों को ऐसा करने के लिए विवश करता था। दल के प्रति निष्ठा, नेतृत्व के प्रति आस्था और विश्वास अब सुविधा में बदल गया है। जब चुनाव के लिए टिकट बंटते हैं तब ये सारे नीति और सिद्धांत भाषण तक सिकुड़ गए हैं। जीत महत्वपूर्ण है। जो जीता वही सिकंदर की उक्ति राजनेताओं के लिए ध्येय वाक्य बन गई है। लोग कपड़ों की तरह दल बदल रहे हैं। कल तक जिसे गालियां देते थे, आज उसके पक्ष में कसीदे पढ़ते हैं।

जीत महत्वपूर्ण है, इसलिए जीत के लिए जो भी आवश्यक है वह सब करना आवश्यक है। टिकट के जुगाड से लेकर मतदाताओं को रिझाने तक जो भी आवश्यक है, वह करना मजबूरी बन गई है। जातीय समीकरण साधने आवश्यक हो गए हैं। अब वोट खरीदने तक की व्यवस्था करना आवश्यक हो गया है। खरीददार वही हो सकता है जिसके पास उसकी व्यवस्था है। इसलिए जिसके पास धन नहीं है, वह कार्यकर्ता तो हो सकता है। कार्यकर्ता के नाते सम्मान पा सकता है, संगठन में भी कई महत्वपूर्ण उपलब्धि पा सकता है लेकिन जनप्रतिनिधि होने के लिए धन का जुगाड आवश्यक है। पहले साध्य की पवित्रता के साथ साथ साधन की पवित्रता का बड़ा महत्व था। लेकिन वर्तमान में शायद वह सिद्धांत गुजरे वक्त की बात हो गई है।

झूठ तूफान, छल प्रपंच, धोखा, चीटिंग भ्रष्टाचार कैसे साधन जुटाने हैं शायद इसका महत्व भी गौण होता जा रहा है। ये किसी दल विशेष के संबंध में नहीं है बल्कि पूरी राजनीति का परिदृश्य ये ही है।

दक्षिण भारत के बारे में तो मैं नहीं कह सकता लेकिन उत्तर भारत में खास तौर से हिंदी भाषी क्षेत्र में लालूप्रसाद यादव, बहन मायावती और केजरीवाल जी ने नेताओं को इतना साहस दे दिया कि चोरीछुपे किए जाने वाले अब खुलेआम करने में न कोई संकोच है और न कोई अपराध बोध है।

धन का प्रभाव शाश्वत है

भर्तृहरि के अनुसार समाज में गुण, प्रतिष्ठा और प्रभाव धन से जुड़ जाते हैं। लेखक मानते हैं कि यह बात आज की राजनीति में और अधिक स्पष्ट हो गई है।

राजनीति का चरित्र बदला है

स्वतंत्रता के बाद की राजनीति सिद्धांत, विचारधारा और दल की नीति पर आधारित थी। आज वह व्यवहारिक राजनीति में बदल गई है जहाँ जीत सर्वोपरि है।



साधन बनाम साध्य का प्रश्न

पहले साध्य (लक्ष्य) के साथ साधन की पवित्रता भी महत्वपूर्ण मानी जाती थी। आज परिणाम (जीत) अधिक महत्वपूर्ण है, साधनों की शुचिता गौण हो गई है।

दल-बदल और वैचारिक लचीलापन

राजनीति में वैचारिक स्थिरता कम हुई है। नेता सुविधा और जीत की संभावना के आधार पर दल बदलते देखे जा रहे हैं।

जनप्रतिनिधि बनने की अनिवार्य शर्त–धन

लेखक के अनुसार बिना आर्थिक संसाधन के व्यक्ति कार्यकर्ता तो बन सकता है, लेकिन चुनाव जीतकर जनप्रतिनिधि बनना अत्यंत कठिन हो गया है।

मुंबई में मैक्रों से मिले पीएम मोदी रक्षा सहयोग समेत इन मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में रक्षा सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा होनी है। इसके साथ ही दोनों नेता भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 का शुभारंभ भी करेंगे।

मुंबई के लोक भवन में हुई मुलाकात : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात मुंबई के लोक भवन में हुई। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे को गले लगाया। इसके बाद दोनों के बीच अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। बैठक में भारत और फ्रांस के रिश्तों को मजबूत करने, रक्षा सहयोग बढ़ाने, व्यापार और नई तकनीक के क्षेत्र में साथ काम करने पर चर्चा की गई। यह मुलाकात दोनों देशों की मजबूत दोस्ती का संकेत मानी जा रही है।

मैक्रों का चौथा भारत दौरा : यह राष्ट्रपति मैक्रों का भारत का चौथा दौरा है और मुंबई में उनका पहला आधिकारिक दौरा है। इससे पहले वो मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। फिर वो सितंबर 2023 में जी20 सम्मेलन के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है, और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, पीएम मोदी और मैक्रों के बीच बातचीत में इंडिया-फ्रांस स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के तहत हुई तरक्की का पूरा रिव्यू शामिल होगा।

रक्षा समेत इन मुद्दों पर होगी चर्चा : तीन दिवसीय यात्रा (17 से 19 फरवरी) पर आए मैक्रों की पीएम मोदी से रक्षा, समुद्री सहयोग, इंडो-पैसिफिक रणनीति, उभरती तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होनी है। इसके बाद दोनों नेता शाम को भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 का उद्घाटन भी करेंगे।

मैक्रों ने 26/11 आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि : इससे पहेल मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने मंगलवार को अपने भारत दौरे की शुरूआत मुंबई में 2008 के आतंकी हमलों (26/11) में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दे की।

'जनहित और सबके फायदे के लिए हो एआई का इस्तेमाल' पीएम मोदी ने बताया शिखर सम्मेलन का उद्देश्य

नई दिल्ली। दिल्ली में आयोजित पांच दिवसीय इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि एआई का इस्तेमाल सभी के फायदे के लिए कैसे किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'बुद्धिमत्ता, तर्कसंगतता और निर्णय लेने की क्षमता विज्ञान और प्रौद्योगिकी को जनता के लिए उपयोगी बनाती है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्देश्य यह पता लगाना भी है कि एआई का उपयोग सभी के लाभ के लिए कैसे किया जा सकता है।'

16 फरवरी से शुरू हुए इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में राष्ट्राध्यक्षों और सरकार के प्रमुखों, मंत्रियों, वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं, प्रख्यात शोधकताओं, बहुपक्षीय संस्थानों और उद्योग जगत के हितधारकों को एक मंच पर लाया गया ताकि समावेशी विकास को आगे बढ़ाने, सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास को सक्षम बनाने में एआई की भूमिका पर विचार-विमर्श किया जा सके। साथ ही, यह पहली बार है कि इस मुद्दे पर इतने बड़े पैमाने पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन ग्लोबल साउथ में किया जा रहा है।

20 फरवरी को शिखर सम्मेलन का समापन : पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन जो 20 फरवरी को समाप्त होगा, इसमें 100 से अधिक सरकारी प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और उप मंत्री शामिल हैं, साथ ही सीईओ, संस्थापक, शिक्षाविद, शोधकर्ता, सीटीओ और परोपकारी संगठनों सहित 500 से अधिक वैश्विक एआई नेता भी शामिल होंगे।

19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन भाषण देंगे, जो वैश्विक सहयोग की दिशा तय करेगा और समावेशी एवं जिम्मेदार एआई के लिए भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेगा।

क्या हैं सम्मेलन प्रमुख आकर्षण ? : शिखर सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण तीन प्रमुख वैश्विक प्रभाव चुनौतियां हैं- एआई फॉर ऑल, एआई बाय हर और युवआई- जिनका समापन फाइनलिस्टों की घोषणा और ग्रैंड फिनाले शोकेस के साथ होगा।

कांग्रेस का 'हल्ला बोल', पुलिस से भिड़े कांग्रेसी बैरिकेडिंग पर चढ़े, पुलिस सबको ईडो गार्डन छोड़ रही

लखनऊ। लखनऊ। लखनऊ में कांग्रेस ऑफिस के बाहर कार्यकताओं और पुलिस की झड़प हो गई। जमकर धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक आराधना मिश्रा समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। फिलहाल मौके पर गहमागहमी का माहौल है। दरअसल, अजय राय ने सोमवार को मनरेगा और शंकराचार्य मुद्दे को लेकर विधानसभा घेराव का ऐलान किया था।

इस समय विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है। इसे देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। मनरेगा और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर रही है, जिसे देखते हुए कई बड़े नेताओं को नजरबंद किया गया है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राजधानी लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने के लिए कूच कर रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया, जिसके बाद कार्यकताओं और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे प्रदर्शन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, नेता विधानमंडल कांग्रेस आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी समेत कई सांसद, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हैं। प्रदेश भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे हैं।

पार्थ पवार को मिली बड़ी राहत, जांच समिति ने दी क्लीन चिट, दो अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश

मुंबई। पुणे की बहुचर्चित जमीन खरीद मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस (एनसीपी) नेता पार्थ पवार को बड़ी राहत मिली है। जांच समिति ने पार्थ पवार को क्लीन चिट देते हुए दो सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की है।

सौदे में शामिल दो अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध : अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) विकास खरगे की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने पाया कि जमीन सौदे में पार्थ पवार की सीधी अनियमितता साबित नहीं होती, हालांकि सौदे की प्रक्रिया में शामिल दो अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इस रिपोर्ट में हवेली के तहसीलदार सूर्यकांत येवले और असिस्टेंट रजिस्ट्रार रविंद्र तारू के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है। दोनों अधिकारियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है और वे फिलहाल जेल में हैं।

क्या है पूरा मामला ? : यह जमीन पुणे के मुंढवा इलाके में स्थित है, जिसे अजित पवार और सुनेत्रा पवार के बेटे पार्थ पवार की 'अमेडिया' कंपनी ने खरीदा था। आरोप था कि करीब 1800 करोड़ रुपए बाजार मूल्य वाली जमीन मात्र 300 करोड़ रुपए में खरीदी गई और 21 करोड़ रुपए की स्टांप ड्यूटी भी माफ कर दी गई। मामला सामने आने के बाद राज्य की राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी।

जांच समिति ने राजस्व मंत्री को सौंपी रिपोर्ट : विवाद बढ़ने पर तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस सौदे को रद्द करने की घोषणा की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्तृत जांच के आदेश दिए थे। अब जांच रिपोर्ट राजस्व मंत्री को सौंप दी गई है और जल्द ही इसे मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। लगभग 1800 करोड़ रुपए मूल्य की महार वतन जमीन को 300 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के आरोपों की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट सोमवार को राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को सौंप दी।

सरकार की अगली कार्रवाई पर टिकी नजरें : रिपोर्ट सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में नई बहस छिड़ गई है। जहां पार्थ पवार को मिली राहत को उनके समर्थक बड़ी जीत मान रहे हैं, वहीं विपक्ष का कहना है कि मामले में कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं। आने वाले दिनों में सरकार की कार्रवाई और रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी।

'माहौल जहरीला हो रहा है' : नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी नसीहत

नई दिल्ली। देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस जयमाल्य बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं।

याचिका में क्या थी मांग ? : याचिकाकताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है।

कोर्ट ने दी नई याचिका दाखिल करने की सलाह : हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई।

राजनीतिक पार्टियों की चुनाव आयुक्त के साथ बैठक, एक या दो फेज में चुनाव कराने की मांग

असम। असम विधानसभा चुनाव 2026 से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ आज को गुवाहाटी में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य दलों के साथ विचार-विमर्श किया। अधिकारियों ने बताया कि असम की राष्ट्रीय और राज्य की राजनीतिक पार्टियो ने मंगलवार को चुनाव आयोग के साथ अपनी मीटिंग में असम विधानसभा चुनाव एक या ज्यादा से ज्यादा दो फेज में कराने की मांग की।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य में होने वाले आम चुनावों की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए असम के दौरे पर है। कुमार ने असम में अपने अधिकारियों के साथ राज्य के अपने तीन दिन के दौरे के दूसरे दिन एक होटल में मीटिंग की। राष्ट्रीय पार्टियों में आम आदमी पार्टी, भाजपा, माकपा और कांग्रेस ने मीटिंग में हिस्सा लिया, जबकि राज्य पार्टियों में ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (अक्क्वउ्रद्), असम गण परिषद (अत्रह्ल), बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (इढत्रद्) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (वढढछ) ने कमीशन के साथ अलग-अलग मीटिंग कीं।

ज्यादातर राजनीतिक पार्टियों ने मांग की कि एक ही फेज में या ज्यादा से ज्यादा दो फेज में कराए जाएं। पार्टियों ने चुनाव आयोग से बिहू त्योहार को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तारीखें तय करने की भी अपील की।

मुख्य चुनाव आयुक्त आज ही चीफ सेक्रेटरी, होम सेक्रेटरी, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर, पुलिस नोडल ऑफिसर और राज्य सरकार के दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मीटिंग भी करेंगे। ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्त 18 फरवरी को अपने दौरे के आखिरी दिन मीडिया से बात करेंगे। असम विधानसभा में 126 सदस्य हैं।

बढ़ती मुस्लिम आबादी पर सीएम सरमा चिंतित, कहा- संघर्ष के दौरान कुछ लोग बांग्लादेश का कर सकते हैं समर्थन

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को राज्य में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असम की वर्तमान स्थिति 'बहुत अच्छी नहीं' है और इसके पीछे बड़े पैमाने पर हुई अवैध घुसपैठ जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि असम में मुस्लिम आबादी का एक बड़ा हिस्सा बांग्लादेश से अवैध रूप से आया है। उनके अनुसार, यह घुसपैठ मुख्य रूप से उस समय हुई जब राज्य और केंद्र में कांग्रेस की सरकारें थीं। उन्होंने कहा कि उन सरकारों ने सीमाओं की सही तरीके से निगरानी नहीं की, जिससे राज्य की जनसांख्यिकीय संतुलन प्रभावित हुई है।

कुछ लोग बांग्लादेश का कर सकते हैं समर्थन- सीएम : सीएम सरमा ने यह भी दावा किया कि राज्य के कुछ लोग भविष्य में किसी भी संघर्ष की स्थिति में बांग्लादेश का समर्थन कर सकते हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ असम और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार राज्य की पहचान, जमीन और संसाधनों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठा रही है। इनमें अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान, सीमा पर निगरानी बढ़ाना और एनआरसी को अपडेट करना शामिल है।

'हम ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध' : उन्होंने कांग्रेस पर 'तुष्टीकरण की राजनीति' करने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसी नीतियों की वजह से बड़े पैमाने पर अवैध प्रवास हुआ। उनके अनुसार, वर्तमान सरकार ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने और राज्य की सुरक्षा तथा स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सीएम के बयान की विपक्ष ने की आलोचना : वहीं, विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री के बयान की कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस नेताओं ने इन आरोपों को गलत और समाज को बांटने वाला बताया है। उनका कहना है कि यह बयान जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाने की कोशिश है। असम में बांग्लादेश से अवैध प्रवास का मुद्दा कई दशकों से संवेदनशील रहा है।

असम आंदोलन और समझौता : असम आंदोलन के दौरान बड़े पैमाने पर अवैध प्रवास के खिलाफ आंदोलन हुआ था। इसके बाद 1985 में असम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

पूर्वी दिल्ली में बनेंगे पांच नए फुटओवर ब्रिज, पैदल यात्रियों को राहत, सीएम ने दी करोड़ों की सौगात

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित रामलीला मैदान में लगभग 1075 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित रामलीला मैदान में लगभग 1075 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद थे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, विधायक अरविंदर सिंह लवली, अभय वर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, संजय गोयल, अनिल गोयल, रविंद्र नेगी व रविकांत भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि संतुलित विकास के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा आवश्यक है। उन्होंने पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद यदि किसी क्षेत्र की सड़कों, नालियों और बुनियादी सुविधाओं की हालत नहीं सुधरती, तो यह प्रशासनिक विफलता का संकेत है।

उन्होंने कहा कि अब राजनीति नहीं, नतीजों का वक्त है। दिल्ली का कोई भी इलाका विकास से वंचित नहीं रहेगा। परियोजनाओं के तहत लोक निर्माण विभाग लगभग 782 करोड़ रुपये की लागत से पूर्वी दिल्ली की 236 सड़कों का सुदृढ़ीकरण करेगा। इससे ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

साथ ही करीब 21 करोड़ रुपये की लागत से पांच फुटओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे, जिससे पैदल यात्रियों को राहत मिलेगी। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के तहत लगभग 272 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। इनमें 10 नालों का पुनर्निर्माण, तीन नालों का सुधार, 24 बाउंड्रीवॉल का निर्माण और 18 सड़कों और पुलों का निर्माण शामिल है। इन कार्यों से जल निकासी प्रणाली मजबूत होगी और बारिश के दौरान जलभराव की समस्या में कमी आने की उम्मीद है।

आईएफआर 2026 में शामिल होंगी राष्ट्रपति मुर्मु मित्र देशों के 70 जहाजों के फ्लीट का करेंगी रिव्यू

विशाखापत्तनम। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को दो दिन के दौरे पर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम पहुंचेंगी। वे विशाखपत्तनम में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) में शामिल होंगी। राष्ट्रपति देश की सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर होती हैं। इसी नाते वह इस कार्यक्रम का निरीक्षण करेंगी। आईएफआर, इंटरनेशनल नेवल डेलिगेशन, जहाजों, सबमरीन और एयरक्राफ्ट की एक सेरेमोनियल बैठक है।

आईएनएस विक्रांत रहेगा आकर्षण का केंद्र : इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 की शुरूआत मंगलवार को राष्ट्रपति बैंक्वेट से होगी। इसके बाद अगले दिन राष्ट्रपति विशाखापत्तनम तट के पास निर्धारित क्षेत्र में भारत और मित्र देशों के 70 जहाजों के फ्लीट का रिव्यू करेंगी।

इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के राज्यपाल जस्टिस एस. अब्दुल नजीर (रिटायर्ड) और मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद रहेंगे।

भारतीय नौसेना के अनुसार, यह आयोजन समुद्री शक्ति, आपसी सहयोग और मित्रता को प्रदर्शित करता है, साथ ही यह देश की संप्रभु निगरानी को भी दशार्ता है। इससे पहले भारत वर्ष 2001 में मुंबई और 2016 में विशाखापत्तनम में आईएफआर का आयोजन कर चुका है।

मित्र देशों के युद्धपोत, पनडुब्बियां और विमान समुद्र में एकत्र होकर अपनी ताकत और क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के दौरान अहम भूमिका निभाने वाला भारतीय विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत इस बार का मुख्य आकर्षण रहेगा। मित्र देशों की नौसेनाएं भारत में निर्मित इस विमानवाहक पोत को नजदीक से देखेंगी।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विक्रांत कैरियर बैटल ग्रुप इंडियन नेवी के अटैकिंग डिटरेंट पोस्चर का मेन हिस्सा था। उसने भारतीय नौसेना की रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसकी मौजूदगी के कारण पाकिस्तान नौसेना रक्षात्मक स्थिति में आने को मजबूर हुई और उसे जल्द युद्धविराम का अनुरोध करना पड़ा।

मिलन 2026 का भी आयोजन : आईएफआर 2026 के तहत अंतरराष्ट्रीय सिटी परेड, सांस्कृतिक प्रदर्शनियां और आम जनता से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इनका उद्देश्य विश्व की समुद्री विरासत का उत्सव मनाना है।

बिजनौर में प्रेमिका ने प्रेमी के घर जाकर खाया जहर

बिजनौर। बिजनौर जनपद के किरतपुर क्षेत्र में एक युवती ने अपने प्रेमी के घर जाकर जहर खा लिया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। युवती को गंभीर हालत में तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल का आरोप : पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मोहल्ले का एक युवक उनकी बेटी का अश्लील वीडियो बनाकर पिछले दो वर्षों से उसे ब्लैकमेल कर रहा था। आरोप है कि युवक ने धमकी देकर कई बार रुपये भी ऐंठे और शारीरिक शोषण करता रहा। शादी की बात पर हुआ विवाद : बताया गया कि 16 फरवरी 2026 की रात युवक ने युवती को अपने घर बुलाया था। वहां युवती ने शादी करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी ने जबरदस्ती करने का प्रयास किया। इससे आहत होकर युवती ने वहीं जहर खा लिया।

अस्पताल में हालत नाजुक, कार्रवाई की मांग : युवती की मां ने बताया कि उनकी बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 18 फरवरी -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट
Vineet Sharma
25m
महाभारत में कई लोग सच जानते थे,,,,
परंतु सच के साथ खड़े नहीं हो पाए.!!
#highlight

महा प्रशिक्षण अभियान के साथ ही भाजपा ने शुरू किया चुनावी अभियान

प्रदेश से लेकर मंडल स्तर पर हो रही है समीक्षा और आयोजित होंगे कैम्प

गाजियाबाद, करंट क्राइम। एसआईआर अभियान की चुनौतियों के साथ साथ भाजपा अपने चुनावी अभियान को लेकर बिल्कुल भी ढील नही बरत रही है।

उसका कार्यक्रम आ चुका है और वो संगठन स्तर पर अपनी चुनावी तैयारियों में जुट गई है। भाजपा अपने कार्यकर्ता नेटवर्क के साथ चुनाव मैदान में आयेगी। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा का महा प्रशिक्षण अभियान चल रहा है। यह अभियान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा पूरे भारत में चल रहा है। इसे 6 जोन में बांटा गया है। जिनमें से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार का एक जोन बनाया गया है। इस अभियान के संयोजक और सहसंयोजक दोनों ही भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री हैं। इनमें से संयोजक का दायित्व अमरपाल मौर्या को मिला है और राजू पांचाल को सहसंयोजक बनाया गया है।

तीन दिवसीय होगी सभी जिलों की कार्यशाला

करंट क्राइम। लखनऊ में प्रशिक्षण शिविर 14 फरवरी को सम्पन्न हो चुका है। महा प्रशिक्षण योजना की कार्यशालाएं होंगी। इस अभियान को पंडित दीन दयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण कार्यशाला का नाम दिया गया है। सभी जिलों को 16 फरवरी से लेकर 18 फरवरी तक कार्यशालाएं हो जायेंगी। इसके बाद महानगर की कार्यशालाओं का आयोजन होगा।

7 मार्च से शुरू होगा दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

करंट क्राइम। महानगर में कार्यशालाएं होंगी । 10 जिलों की कार्यशालएं पूरी हो चुकी हैं और अब ये प्रशिक्षण शिविर मंडर स्तर पर आयोजित किये जायेगें जो 7 मार्च से शुरू होंगें। दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ता 24 घंटे मौजूद रहेंगे। यह 2 बजे से शुरू होकर 2 बजे तक चलेगा।

एआई से लगेगी हाजिरी और ऑन लाईन मिलेगा सर्टिफिकेट

करंट क्राइम। शिविर में 7 विषय होंगे और 24 घंटे का ये शिविर होगा। खास बात ये है कि शिविर में एआई के जरिए हाजिरी होगी और कार्यकर्ताओं को ऑनलाईन सर्टिफिकेट मिलेगा। इसी तरह प्रदेश में भी दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चलेगा।

उत्तर प्रदेश में 13 अप्रैल तक अभियान

करंट क्राइम। 7 बिन्दुओं पर प्रशिक्षण शिविर में काम होना है। 13 अप्रैल तक 40 दिन का अभियान हैं। बनारस में अभियान चल रहा है और बताते हैं कि 19 फरवरी से 21 फरवरी तक लखनऊ में अभियान चलेगा। प्रदेश स्तरीय नेता इसमें मौजूद रहेंगे। वेस्ट यूपी में जिला स्तर पर तीन दिवसीय शिविर चलने हैं जो 25, 26 और 27 फरवरी को चलेंगे। जिले के प्रशिक्षण शिविर आयोजित होने हैं जो अप्रैल और मई में होने हैं।

पार्षद ग्रुप में हो रहा है टूर प्रोग्राम को लेकर डेस्टीनेशन सेट

मैम्बर बतायेंगे गोवा जाना ठीक रहेगा या चलें फिर जिम कार्बेट

गाजियाबाद, करंट क्राइम। हाउस टैक्स पर फैसला जब आयेगा, आता रहेगा। बोर्ड की बैठक जब होनी होगी, तब हो जायेगी। लेकिन इन सब बातों के बीच चिंता टूर की करनी है और इसको लेकर फिर से पार्षद एक्टिव हो गये हैं।

लैंस डाउन टूर के बाद अब फिर से पार्षद चाहते हैं कि एक जुट होकर कहीं घूमने चला जाये। कोटद्वार का दौरा शानदार रहा और फिर से पार्षद ग्रुप में टूर की तैयारियों का बिगुल बज गया है। पार्षद ग्रुप पर अब इस बात को लेकर चर्चा शुरू हुई है कि घूमने के लिए गोवा ठीक रहेगा या जिम कार्बेट पार्क चलें।

पार्षदों से ग्रुप में ये पूछा गया है कि जो भाई चलना चाहते हैं वो समय से बता दें। सबसे बड़ी बात ये है कि पार्षदों से उनकी राय मांगी गई है और ये राय टूर के स्थान को लेकर है। पार्षदों से पूछा गया है कि गोवा या जिम कार्बेट पार्क में से जो स्थान ठीक रहे वो पार्षद बतायें।

पार्षदों के सुझाव पर लगेगी मुहर, पर बतायें जल्दी

करंट क्राइम। उत्तराखंड वाले टूर के बाद से पार्षद उत्साहित हैं। ये टूर पार्षदों के लिए बेहद यादगार रहा। एक धार्मिक यात्रा रही और सभी ने इसका आंनद लिया। धर्म के बाद अब पार्षद गोवा जाना चाहते हैं। गोवा पर सहमति नहीं बनेगी तो जिम कार्बेट की चर्चा चल रही है। हालांकि टूर के आयोजकों ने ये पहले ही कह दिया है कि पार्षदों के सुझाव पर ही आखिरी निर्णय होगा। पार्षद कहेंगे गोवा चलो तो गोवा की उड़ान होगी और पार्षद कहेंगे कि जिम कार्बेट चलना है तो वहीं पर डेरा होगा। लेकिन टूर की तैयारी करनी है इसलिए पार्षदों को ये भी बता दिया गया है कि अपनी प्रतिक्रिया जल्दी देना। अपनी राय जल्दी बताना क्योंकि टूर की तैयारी भी करनी होगी।

वी डोंट केयर, हम तो बुलायेंगे उन्हें डिप्टी मेयर

करंट क्राइम। पार्षद ग्रुप है और जाहिर है कि इस ग्रुप में सभी पार्षद जुड़े हैं। यहां पर पार्षद समूह जब भी प्रवीण चौधरी और राजीव शर्मा को सम्बोधित करते हुए कोई बात कहता है तो प्रवीण चौधरी के नाम के आगे डिप्टी मेयर और राजीव शर्मा के आगे पूर्व डिप्टी मेयर शब्द लिखते हैं। जब प्रवीण चौधरी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनाये गये थे तो यहां मेयर का पहला डॉयलाग था कि पार्षद व्यवस्था बनायें। ये निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का पद है और कृपया वो इसे डिप्टी मेयर के नाम से ना बुलायें। लेकिन ऐसा लगता है कि पार्षदों ने डिप्टी शब्द पर जोर दिया है और निर्देशों की केयर नहीं की है। पार्षद किसी चुनौती के मूड में है और वो मेयर और डिप्टी मेयर शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे पहले होर्डिंग पर ये संबोधन आया है और अब पार्षद ग्रुप में भी प्रवीण चौधरी को डिप्टी मेयर और राजीव शर्मा को पूर्व डिप्टी मेयर लिख रहे हैं।

कौन दिखायेगा इस बार पार्षदों के टूर को हरी झंडी

करंट क्राइम। कोई कितना भी कहे लेकिन जब कुछ घटनाएं घटित होती हैं तो फिर उन्हें लेकर चर्चाएं भी होती है। निगम के पार्षद जब उत्तराखंड गये तो जाने से पहले किसी ने कहा कि मेयर हमारी अभिभावक हैं, हमने तो प्रोग्राम ही उनसे पूछ कर बनाया है। मगर जब निगम का परिवार यानी पार्षदों का समूह उत्तराखंड के लिए चला तो हरी झंडी वाला सीन चेंज हो गया। उम्मीद थी कि पार्षद घूमने जायेंगे और मेयर उन्हें रवाना करेंगी। मगर यहां तो सांसद अतुल गर्ग के हाथ में हरी झंडी थी और वाहन में पार्षद सवार थे। साथ में शहर विधायक संजीव शर्मा गये। अब जब गोवा और जिम कार्बेट की चर्चा चल रही है तो चर्चा ये भी चल रही है कि क्या इस बार मेयर टूर पर जा रहे पार्षदों को हरी झंडी दिखायेंगी या इस बार भी सांसद अतुल गर्ग ही आयेंगे।

गार्बेज फ्री सिटी में 7-स्टार लक्ष्य की ओर गाजियाबाद, निगम की तैयारियां हुई तेज

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व एसबीएम टीम के साथ बैठक कर गाजियाबाद को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर नंबर-वन बनाने का आह्वान किया। बैठक में गार्बेज फ्री सिटी में 5-स्टार से 7-स्टार तक उन्नयन और वॉटर प्लस मान्यता पुनः प्राप्त करने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, जोनल सफाई अधिकारी, सभी जोन के सफाई/खाद्य निरीक्षक तथा एसबीएम टीम के सदस्य उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने बताया कि सर्वेक्षण की शुरूआत के साथ ही जमीनी स्तर पर कार्यों में तेजी आई है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को और मजबूत किया गया है—शहर के सभी जोनों में 600+ वाहन गीला-सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र कर रहे हैं। वाहनों की निगरानी व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से की जा रही है।

नुक्कड़ नाटकों व जन-जागरूकता अभियानों से कचरा पृथक्करण (गीला/सूखा) को आदत बनाने पर जोर है। वार्ड-स्तर पर विशेष सफाई अभियान चल रहे हैं, जिनमें नालियों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता और 3फ को बढ़ावा दिया जा रहा है। शहर की सुंदरता के लिए पेंटिंग व सौंदर्यीकरण कार्य भी जारी हैं। शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी का असर पहले ही दिख चुका है—स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में गाजियाबाद ने राष्ट्रीय स्तर पर 11वां और उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि को और बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य, जलकल और निर्माण विभाग मिलकर सड़कों को धूल-मुक्त रखने सहित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर अभियान चला रहे हैं। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि हर वार्ड में प्रतिदिन निर्धारित गतिविधियां हों और जारी टूल-किट का सख्ती से पालन किया जाए। नगर निगम और नागरिकों की साझा प्रतिबद्धता के साथ गाजियाबाद अब 7-स्टार गार्बेज फ्री सिटी बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

होला अष्टक खत्म होते ही होगा चुनाव का ऐलान और गूंजेगा मंत्रोच्चार

नवरात्र में बजेगी चुनावी रणभेरी और हवन-पूजन के साथ शुरू होगा मूर्ति निर्माण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। शहर की सबसे पुरानी और सांस्कृतिक धरोहर वाली रामलीला में चुनावी ऐलान होने वाला है। मंगलवार को श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी की एक बैठक कमेटी के कार्यालय पर आयोजित हुई। इस बैठक में कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी सहित पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श हुआ और इस पर भी विचार किया गया कि प्राचीन रामलीला के सांस्कृतिक स्वरूप को संरक्षित किया जाये।

रामलीला की मान्यताओं को, परम्पराओं को किस तरह से और अधिक महत्वपूर्ण बनाया जाये। सबसे बड़ी बात ये है कि इस बैठक में बताया गया कि चुनाव को लेकर जो लोग भी किसी तरह की बात कर रहे हैं, सभी सदस्य उन पर ध्यान ना दें। कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने फिर दोहराया कि रामलीला कमेटी के सदस्यों का अपना एक परिवार है। यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है अपितु यह राम भक्तों का एक परिवार है। हम लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखते हैं और समय से चुनाव होंगे। अभी होला अष्टक चल रहे हैं और होली के बाद चुनाव का ऐलान हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि उससे पहले आम सभा की बैठक बुलाई जायेगी। सबसे बड़ी बात ये है कि इस बार हवन पूजन और मंत्रोच्चार के बाद प्रभु श्रीराम भक्त, प्रभु हनुमान जी की मूर्ति का निर्माण कार्य शुरू होगा। शुभ महूर्त के साथ यहां हवन पूजन होगा और फिर प्रभु हनुमान जी की मूर्ति के निर्माण का कार्य शुरू होगा। यह कार्य नवरात्र में शुरू कराया जायेगा।

कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि मंगलवार को कमेटी पदाधिकारियों की बैठक हुई है और वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले ही चुनाव सम्पन्न कराया जायेगा। सभी सम्मानित सदस्यों की बैठक भी बुलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारा किसी भी सदस्य से कोई मतभेद नहीं है। हमारा उन लोगों से भी कोई मतभेद नहीं है जो अनर्गल बात कर रहे हैं। लेकिन इतना अनुरोध जरूर है कि अपने आचरण को वो स्वयं देखें और मर्यादाहीनता ना करें। रामलीला कमेटी की अपनी व्यवस्था है और यह किसी एक व्यक्ति के हाथ का काम नहीं है। बहरहाल अब मंगलवार को ये तय हो गया कि होला अष्टक समाप्त होते ही चुनाव होंगे और हवन पूजन और मंत्रोच्चार के साथ प्रभु हनुमान जी की मूर्ति के निर्माण का कार्य शुरू होगा।

एसआईआर अभियान के रूल को लेकर मतदाताओं के सामने नया चैलेंज

राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मेहनत के बाद भी होगा यहां डैमेज

गाजियाबाद, करंट क्राइम। एसआईआर अभियान ने सियासी दलों की परेशानी बढ़ा दी है। खासतौर से सत्ताधारी दल पहले ही एएसडी फैक्टर से जूझ रहा है और अब फिर से ये परेशानियां आ गई हैं। मतदाता इस कन्फ्यूजन में हैं कि चुनाव आयोग ने कई नियमों ढील दी थी। वहीं अभियान में जुटे सरकारी कर्मचारी यानी बीएलओ ये दलील दे रहे हैं कि हमें एज पर रूल काम करना है और अगर जरूरी दस्तावेज नहीं लगाये गये हैं तो हम वोट को लेकर अपनी रिपोर्ट देंगे। ऐसा उन्होंने किया भी है और नतीजा ये रहा है कि पांच हजार मतदाताओं वाले सीन में 3400 लोगों को नोटिस मिला है। सूत्र बताते हैं कि नोटिस वाले सीन के बाद से कई मतदाता तो अब इस अभियान को लेकर ही उदासीन हो गये हैं। बीएलओ की अपनी मजबूरी है और वो दस्तावेज मांग रहे है। मगर जो लोग दूर दराज से आकर रह रहे हैं उनके सामने बड़ी चुनौती है कि वो दस्तावेज जुटाने के लिए अपने गांव जायें या रोजी रोटी कमाने के लिए अपने रोजगार पर जायें। इस सीन से अभियान पर फर्क पड़ा है और अब हकीकत ये भी है कि जो राजनीति कार्यकर्ता पहले जोश के साथ इस अभियान में जुटे थे अब धीरे धीरे उन्होंने खुद को समेट लिया है। उनकी दुविधा ये है कि वो बीएलओ के साथ घर घर जाकर फार्म वितरित करके आये थे। उन्होंने क्षेत्र बताये थे। लेकिन अब जब लोगों को फार्म भरकर देने के बाद भी नोटिस आ गये तो उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अब वो मतदाताओं को क्या कहें। बूथ लेवल अधिकारी अपनी जिम्मेदारी बता रहे हैं और वो डॉक्यूमेंट की बात कर रहे हैं।

एक वार्ड में फार्म भरे 5 हजार और नोटिस आ गया 3400 को

करंट क्राइम। एसआईआर फार्म की परेशानियां कम नही हो रही हैं। पहले एएसडी फैक्टर चला और इसमें शिफ्टिंग वोट ने पूरा गणित बिगाड़ दिया। डाटा बताने लगा कि घाटा हो गया और अब नई टेंशन नोटिस की आ गई है। वार्ड संख्या 75 लाजपत नगर में लगभग 5 हजार फार्म वितरित किये गये थे। ये वार्ड निगम पार्षद हिमांशु शर्मा का है। यहां पर लगभग 3400 मतदाताओं को नोटिस आ गया। नोटिस में कमी दस्तावेज मांगे गये हैं और बताया गया है कि आपके मतदाता फार्म में ये जरूरी दस्तावेज नहीं लगे हैं। ऐसे में अगर जरूरी दस्तावेज नहीं लगे तो मतदाता ही वोटर लिस्ट से आउट हो जायेगा। दस्तावेज जुटाना ही एक कठिन काम है और जो कागजात मांगे जा रहे हैं। अब वो कागजात देने हैं।



दिखाओ 2003 की वोटर लिस्ट में नाम या दसवीं की मार्कशीट

करंट क्राइम। एसआईआर अभियान को लेकर शुरूआत तो जोर शोर से हुई लेकिन एक तरफ फूल वाले देवतुल्य हैं और दूसरी तरफ रूल वाले बीएल ओ है। देवतुल्य बीएलओ के साथ लगे और घर घर गये। फार्म वितरित कर आये और ये फार्म भरकर बीएलओ को भी दिलवाये। लेकिन यहां पर फूल वाले देवतुल्य फार्म भरवाकर आ गये। लेकिन बीएलओ एज पर रूल चले और अब नोटिस आ गये। बताते हैं कि रूल वाली बात के बाद फूल वाले देवतुल्य भी बैकफुट पर हैं। कागज के बिना बात नहीं बनेगी और बता दिया गया है कि या तो जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें या फिर दसवीं की मार्कशीट लगायें और 2003 की वोटर लिस्ट में नाम होना चाहिए। लोग पूछ रहे हैं कि 2003 वाला पेंच तो खत्म कर दिया गया था मगर बताते हैं कि सरकारी मशीनरी ने कह दिया है कि रूल इज रूल और कागज तो देने ही होंगे।

पूर्व विधायक के परिवार के चार सदस्यों को एसआईआर का नोटिस

करंट क्राइम। एक ऐसा परिवार है जहां पति विधायक रहे हैं। पत्नी विधायक रही हैं और कमाल ये हुआ है कि इन पूर्व विधायक को पूरे परिवार को एसआईआर का नोटिस आ गया है। पूर्व विधायक के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। यहां एक को छोड़कर चार लोगों को एसआईआर का नोटिस आ गया है। इस नोटिस में पूर्व विधायक के परिवार के सदस्यों की टेंशन बढ़ा दी है। नोटिस अपनी शर्तों पर अड़ा है और अगर ये दस्तावेज पूरे नहीं हुए तो पूर्व विधायक के परिवार के चार सदस्य वोट नहीं डाल सकते हैं।

संपादकीय

एआई युग की चुनौतियां

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में दुनिया भर में अभी सबसे ज्यादा जोर आधुनिक तकनीकों के विकास और इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नवाचार के प्रयोग पर दिया जा रहा है। सभी देश अपनी विकास नीतियों में अद्यतन तकनीकों को अपना रहे हैं और पारंपरिक तरीके से होने वाले बहुत सारे कामों का स्वरूप अब बदल रहा है। खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआइ के फैलते दायरे ने वैश्विक स्तर पर कामकाज के तौर-तरीकों और उसमें इंसानी भूमिका पर व्यापक असर डाला है। इसे समय के साथ कदम मिला कर चलने और विकास के परिप्रेक्ष्य में जरूरी माना जा रहा है तथा सभी देश एआइ के सकारात्मक उपयोग को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। भारत की इसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। गौरतलब है कि नई दिल्ली में सोमवार से पांच दिनों का एआइ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष से लेकर एआइ कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य एआइ के व्यापक तंत्र पर चर्चा के साथ-साथ आम लोगों की जिंदगी पर इसके सीधे असर और फायदों के बारे में जागरूकता फैलाना है। दरअसल, तकनीक के मामले में जितनी तेज रफ्तार से नवाचार का प्रयोग हुआ है, सभी जरूरी क्षेत्रों में एआइ का दायरा फैला है, उसमें इस पर चर्चा जरूरी हो जाती है कि इसकी संभावनाओं और उम्मीदों के साथ-साथ इससे जुड़ी आशंकाओं पर भी विचार हो। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि विकास के किसी स्वरूप से अंतिम तौर पर आम लोग प्रभावित होते हैं और कोई भी तकनीक इसी कसौटी पर देखी जाएगी कि उससे मनुष्य का कितना समग्र हित सुनिश्चित हो सका और दुनिया की ज्यादातर आबादी के लिए वह कितनी उपयोगी साबित हुई। हाल के दिनों में जब से एआइ के बढ़ते दायरे और इसके असर की बात होने लगी है, तब से इसे भविष्य में नौकरियों का सृजन करने का औजार भी बताया गया है। दूसरी ओर, एआइ के फैलते पांव के समांतर रोजगार पर इसके व्यापक प्रभाव और खतरों को लेकर आशंकाएं भी जताई गई हैं। दिल्ली के सम्मेलन में एक उद्देश्य एआइ से रोजगार, आम लोगों की जिंदगी पर पड़ने वाले असर और उसके खतरों को कम करने के लिए ठोस उपायों तथा प्रयासों पर भी चर्चा करना है।

यह जगजाहिर है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दायरा कितने बड़े क्षेत्र में फैल चुका है। हाथ में मौजूद स्मार्टफोन अब केवल तस्वीरें संपादित करके सोशल मीडिया के मंचों पर सुर्खियां हासिल करने का जरिया भर नहीं है। चिकित्सा जगत में एआइ का उपयोग बीमारी की पहचान से लेकर इलाज में भी होने लगा है। अपराध पर लगाम लगाने के मामले में एआइ की उपयोगिता साबित हो चुकी है। शिक्षा जगत से लेकर रक्षा और कारोबार के विभिन्न क्षेत्र में नए स्तर पर इसका प्रयोग हो रहा है। जाहिर है, विकास के नए मानक रचने और आधुनिक दुनिया में अपनी जगह बनाने के लिए एआइ के मामले में हर वक्त अद्यतन रहने की जरूरत होगी।

एआई समिट में बोले वैष्णव
न्यूज पब्लिशर्स को मिले सही मुआवजा

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में कहा कि न्यूज समेत कंटेंट क्रिएटर्स को उनके कंटेंट का उचित भुगतान मिलना चाहिए और इसके लिए सरकार डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से चर्चा कर रही है। उन्होंने डीपफेक के बढ़ते दुरुपयोग पर कड़े नियमों की जरूरत बताई। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कंटेंट क्रिएटर्स खासकर जो समाचार से जुड़े हैं, उन्हें काम के बदले उचित पारिश्रमिक मिलना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक नीतियों को इस तरह बनाया जाना चाहिए कि डिजिटल और बिग टेक प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल हो रहे पारंपरिक मीडिया के कंटेंट से होने वाली कमाई का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित हो सके।

मीडिया से बातचीत में वैष्णव ने कहा कि पारंपरिक मीडिया टीमें बड़े प्रयासों से कंटेंट तैयार करती हैं, इसलिए उससे उत्पन्न

होने वाले राजस्व का उचित वितरण जरूरी है। उन्होंने बताया कि सरकार डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के साथ इस मुद्दे पर चर्चा कर रही है और कुछ प्लेटफॉर्म्स ने न्यूज कंटेंट क्रिएटर्स को उचित मुआवजा देने के लिए तंत्र विकसित करने में रुचि भी दिखाई है।

डीपफेक पर सख्त नियमन की जरूरत

केंद्रीय मंत्री ने डीपफेक तकनीक के बढ़ते दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह समस्या तेजी से बढ़ रही है और इससे समाज को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की आवश्यकता है। वैष्णव ने बताया कि सरकार उद्योग से जुड़े हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है, ताकि एआई के जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए ठोस नियम बनाए जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि नेटफ्लिक्स और मेटा जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारत के कानूनी ढांचे और सांस्कृतिक संदर्भों के तहत काम करना होगा।

एआई में निवेश और स्वदेशी मॉडल पर जोर

निवेश के मोर्चे पर वैष्णव ने कहा कि अगले दो वर्षों में एआई स्टैक की पांच परतों में 200 अरब डॉलर से अधिक का निवेश देखने को मिल सकता है। उन्होंने समिट को भारत की बड़ी आबादी से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया और कहा कि युवाओं में एआई को लेकर उत्साह स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

हालिया व्यापार समझौतों पर बोले जयशंकर
'वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक मजबूती से जुड़ रहा भारत'

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत आज दुनिया के देशों के साथ पहले से ज्यादा मजबूती के साथ जुड़ रहा है और यह भारत की बढ़ती ताकत को दिखाता है। मुंबई में आयोजित ग्लोबल इकोनॉमिक कोऑपरेशन कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हाल में हुए कई व्यापार समझौते इस बात का प्रमाण हैं कि भारत अब वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में है। जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया एक बहुत अनिश्चित और अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है। उनके मुताबिक वैश्विक व्यवस्था तेजी से बदल रही है और पुराने सिस्टम कमजोर पड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि नई व्यवस्था बनने में समय लग रहा

है और इस वजह से दुनिया एक 'लंबे संक्रमण काल' में जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अब उत्पादन, वित्तीय ताकत, बाजार हिस्सेदारी और निर्यात नियंत्रण जैसे आर्थिक साधनों को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के मुताबिक भारत अब आत्मविश्वास के साथ वैश्विक साझेदारी कर रहा है, आर्थिक ताकत बढ़ा रहा है और व्यापारिक अवसरों का विस्तार कर रहा है।

हाल के बड़े व्यापार समझौते

विदेश मंत्री ने इस मौके पर हाल में हुए दो अहम समझौतों का खास जिक्र किया। इसमें पहला भारत-अमेरिका समझौता- प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत के बाद बड़ा फैसला हुआ। इसमें अमेरिका ने भारतीय सामान पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% कर दिया। इससे भारत के निर्यात को बड़ा फायदा मिलेगा। दूसरा भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) व्यापार समझौता - पिछले महीने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत पूरी हुई। इससे दोनों के बीच व्यापार और आर्थिक रिश्ते मजबूत होंगे।

दूसरी बार भी ईडी के सामने नहीं पेश हुईं टीना अंबानी, अमेरिका से जुड़ी संपत्ति को लेकर होनी है पूछताछ

नई दिल्ली। पूर्व अभिनेत्री टीना अंबानी लगातार दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर मंगलवार को नहीं पेश हुईं हैं। धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया गया था। अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले 10 फरवरी को भी वह संघीय जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुई थीं, जिसके बाद उन्हें दूसरा नया नोटिस भेजा गया था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उन्होंने अनुपस्थित रहने का कोई कारण जांच अधिकारी को बताया है या नहीं। ईडी सूत्रों का कहना है कि उन्हें पूछताछ के लिए नई तारीख दी जा सकती है।

पीएमएलए के तहत दर्ज किया जाएगा बयान : जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि टीना अंबानी के पेश होने पर उनसे विस्तृत पूछताछ की जाएगी और उनका बयान धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया जाएगा। इसी मामले में 66 वर्षीय अनिल अंबानी को भी रिलायंस समूह की कई कंपनियों और उनसे जुड़े बैंक ऋण मामलों की जांच के सिलसिले में बुधवार को दूसरी बार पेश होने को कहा गया है। वह पहली बार अगस्त 2025 में ईडी के सामने पेश हुए थे। अमेरिकी संपत्ति सौदे की जांच : सूत्रों के मुताबिक, टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहैटन इलाके में स्थित एक लग्जरी आवासीय अपार्टमेंट की खरीद से जुड़े धन के स्रोत की जांच के लिए बुलाया गया है। इस मामले में ईडी ने हाल ही में रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया था। एजेंसी का आरोप है कि न्यूयॉर्क स्थित यह संपत्ति वर्ष 2023 में कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान गर्ग ने धोखाधड़ी से बेच दी थी। बताया जाता है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने वर्ष 2025 में शेयर बाजार को इस संदिग्ध बिक्री की जानकारी दी थी।

विदेशी लेनदेन पर संदेह : ईडी के अनुसार, इस संपत्ति की बिक्री से प्राप्त 8.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 69.55 करोड़ रुपये) की राशि अमेरिका से दुबई स्थित एक इकाई को कथित फर्जी निवेश के नाम पर भेजी गई थी। एजेंसी का यह भी दावा है कि उस इकाई पर पाकिस्तान से जुड़े एक व्यक्ति का नियंत्रण था।

विशेष जांच दल गठित : सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ईडी ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के खिलाफ कथित बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं के कई मामलों की जांच के लिए हाल ही में एक विशेष जांच दल गठित किया है।

2035 तक 100 अरब डॉलर से डेटा सेंटर बनाएगा अदाणी समूह

नई दिल्ली। अदाणी समूह ने 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित हाइपरस्केल, अक्रेडी डेटा सेंटर विकसित करने के लिए 100 अरब डॉलर निवेश की घोषणा की है। इस पहल से सर्वर, क्लाउड और सहयोगी क्षेत्रों में अतिरिक्त 150 अरब डॉलर निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है।

150 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद : समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के अनुसार, इस पहल से सर्वर मैन्युफैक्चरिंग, क्लाउड प्लेटफॉर्म और सहयोगी उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। इससे भारत में कुल 250 अरब डॉलर का अक्इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम तैयार हो सकता है।

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि दुनिया एक ऐसी इंटेलिजेंस रिवोल्यूशन के दौर में प्रवेश कर रही है, जो किसी भी औद्योगिक क्रांति से अधिक गहरी है, और जो देश ऊर्जा और कंप्यूट के संतुलन को साध लेंगे, वही अगले दशक की दिशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में नेतृत्व करने की अनूठी स्थिति में है। उन्होंने बताया कि समूह अपने डेटा सेंटर और ग्रीन एनर्जी के मौजूदा आधार पर आगे बढ़ते हुए भारत की तकनीकी संप्रभुता को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण पांच-स्तरीय एआई स्टैक विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है।

गूगल और माइक्रोसॉफ्ट की ली जाएगी मदद

यह रोडमैप अदाणीकनेक्स के 2 गीगावाट राष्ट्रीय डेटा सेंटर प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जिसे बढ़ाकर 5 गीगावाट तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस विस्तार के तहत गूगल के साथ विशाखापट्टनम में देश का सबसे बड़ा गीगावाट-स्केल एआई डेटा सेंटर कैंपस स्थापित करने और माइक्रोसॉफ्ट के साथ हैदराबाद व पुणे में इसी तरह की सुविधाएं विकसित करने की साझेदारी की गई है।

ओस्लो में भारत-नॉर्वे निवेश व ग्रीन सहयोग पर चर्चा
अमेरिकी टैरिफ से टेक्सटाइल-अपैरल निर्यात घटा

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ओस्लो में नॉर्वे के वित्त मंत्री जेंस स्टोल्टेनबर्ग के साथ बैठक कर द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (ळएढअ) के प्रभावी उपयोग पर सहमति जताई, खासकर ब्लू इकॉनमी, ग्रीन इकॉनमी और संप्रभु संपत्ति एवं पेंशन फंड के जरिए निवेश बढ़ाने के क्षेत्रों में। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक के दौरान नॉर्वे के वित्त मंत्री ने भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को निवेश और विकास के लिए बड़े अवसरों वाला बताया।

बैठक में अक्षय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा, रेयर अर्थ प्रोसेसिंग, और कार्बन कैप्चर एवं स्टोरेज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। दोनों देशों ने उभरते और सतत क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने के लिए टीईपीए का लाभ उठाने पर सहमति व्यक्त की।

ब्लू इकॉनमी (समुद्र आधारित

उद्योग) और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने वाली ग्रीन इकॉनमी को सहयोग के प्रमुख फोकस क्षेत्रों के रूप में चिन्हित किया गया। इसके अलावा, संप्रभु संपत्ति फंड और पेंशन फंड के माध्यम से निवेश बढ़ाकर आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने पर भी विचार हुआ। जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने यह भी कहा कि नॉर्वे इस वर्ष प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा का इंतजार कर रहा है और उम्मीद जताई कि इससे भारत-नॉर्वे सहयोग को नई गति मिलेगी।

अमेरिकी टैरिफ के असर से जनवरी में भारत के टेक्सटाइल और अपैरल निर्यात में गिरावट

जनवरी 2026 में भारत के टेक्सटाइल और अपैरल (वस्त्र) निर्यात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट की प्रमुख वजह अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च टैरिफ रहे, जो 7 फरवरी तक प्रभाव में रहे। इससे भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हुई।

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में टेक्सटाइल निर्यात में 3.68 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि अपैरल निर्यात 3.84 प्रतिशत घटा। कुल मिलाकर, टेक्सटाइल और अपैरल का संयुक्त निर्यात जनवरी 2026 में 3,275.44 मिलियन डॉलर रहा, जो जनवरी 2025 के 3,403.19 मिलियन डॉलर से कम है। इस तरह कुल निर्यात में 3.75 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि (डिग्रोथ) दर्ज की गई। गिरावट का असर खासतौर पर प्रमुख टेक्सटाइल सेगमेंट्स में देखने को मिला। कॉटन यार्न, फैब्रिक्स, मेड-अप्स और हैंडलूम उत्पादों का निर्यात 4.15 प्रतिशत घटकर 995.58 मिलियन डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी महीने 1,038.69 मिलियन डॉलर था।

खराब शेल्फ मैनेजमेंट से भारत के 10 में से 9 संगठित रिटेल स्टोर्स घाटे में भारत में संगठित रिटेल सेक्टर की बड़ी संख्या में दुकानें खराब शेल्फ मैनेजमेंट के कारण घाटे में चल रही हैं। वेक्टर कंसल्टिंग ग्रुप की नई रिपोर्ट के मुताबिक, 10 में से 9 ऑर्गेनाइज्ड रिटेल स्टोर्स को नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिससे उनके नेटवर्क का बड़ा हिस्सा मुनाफा कमाने में संघर्ष कर रहा है। द टिकिंग शेल्फः द ओवरलुक्ड इकॉनॉमिक्स ऑफ स्टोर परफॉर्मेंसह्न शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 91 प्रतिशत रिटेलर्स को शेल्फ स्तर पर रेवेन्यू लीकेज का सामना करना पड़ता है।

रोचक तथ्यों का करंट

- कैनसस बास्केटबॉल के इतिहास में हार का कैरियर रिकॉर्ड के साथ ही एकमात्र कोच बास्केटबॉल के आविष्कार जेम्स नास्मिथ थे।
- हार्वे आर। बॉल, स्माइली चेहरे का आविष्कार करने वाला सबसे मजबूत दावेदार, डिजाइन के लिए उनको सिर्फ $ 45 का भुगतान किया गया था।
- जब एंडर्स सेल्सियस ने तापमान के पैमाने का आविष्कार किया तो उन्होंने ठंड के लिए 100 डिग्री और उबलने के लिए बिंदु के रूप में 0 डिग्री रखा। एक और वैज्ञानिक, कार्ल लिनिअस, उस पैमाने को बदलने के लिए तब तक इंतजार करता रहा जब तक की सेल्सियस की मृत्यु नहीं हुई।
- जिस व्यक्ति ने पॉप-अप विज्ञापन का आविष्कार किया, उसने इंटरनेट के सबसे घृणास्पद विज्ञापन बनाने कर लिए दुनिया से माफी मांगी है।
- रुडॉल्फ डीजल, जिन्होंने डीजल इंजन का आविष्कार किया, ने साल 1 9 13 में आत्महत्या कर ली क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि उनका आविष्कार सफल होगा।

राशिफल

मेष : आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

वृष : जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

मिथुन : शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क : पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

सिंह : व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

कन्या : प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

तुला : कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक : किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

धनु : आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर : लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

कुंभ : किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

मीन : वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

चुटकुले

मोनू- टीटू जल्दी उठ, भूकंप आ रहा है,
पूरा घर हिल रहा है।
टीटू - ओए, चुपचाप जाके सो जा,
घर गिरेगा तो हमारा क्या जाएगा,
हम तो किरायेदार हैं।

पहला कैदी- तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
दूसरा कैदी- बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
पहला कैदी- वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
दूसरा कैदी- वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

पिता- तू फेल कैसे हो गया?
बेटा- पेपर में सवाल ही ऐसे-ऐसे आए थे, जो मुझे पता नहीं थे।
पिता- फिर तूने उत्तर कैसे लिखे ?
बेटा- मैंने भी उत्तर ऐसे-ऐसे लिखे, जो मास्टर को भी पता नहीं थे।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

कनाडा को आठ विकेट से हराकर न्यूजीलैंड सुपर-आठ में, युवराज के शतक पर भारी पड़ी ग्लेन फिलिप्स की पारी

चेन्नई । टी-20 विश्वकप का 31वां मैच कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। यह मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला गया। कनाडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने शानदार बल्लेबाजी की।

उसने 20 ओवर के खेल के बाद चार विकेट पर 173 रन बनाए। युवराज समरा ने बेहतरीन शतक जड़ा। वह 65 गेंद पर 110 रन बनाकर आउट हुए। युवराज ने 58 गेंद पर ही शतक पूरा किया और कनाडा को एक अच्छे स्कोर तक ले गए।

हालांकि, उनके शतक पर ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र का अर्धशतक भारी पड़ा। दोनों ने नाबाद रहते हुए कीवियों को जीत दिलाई और सुपर-आठ में न्यूजीलैंड की जगह पक्की की। न्यूजीलैंड ने 174 रन का लक्ष्य 15.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। कीवी टीम सुपर आठ के लिए क्वालिफाई करने वाली छठी टीम बनी।

कनाडा की पारी

- पहले बल्लेबाजी करते हुए कनाडा की शुरूआत शानदार रही। युवराज समरा और कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने पहले विकेट के लिए 84 गेंद में 116 रन की साझेदारी की।
- दिलप्रीत 39 गेंद में चार चौके की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुए। फिर नवनीत धालीवाल 10 रन बनाकर आउट हुए। दिलप्रीत को जेमीसन और नवनीत को मैट हेनरी ने आउट किया।
- इसके बाद निकोल किर्टोन भी दो रन बनाकर जेम्स नीशम का शिकार बने। वहीं, युवराज ने 58 गेंद पर टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक पूरा किया।
- युवराज 65 गेंद पर 11 चौके और छह छक्के की मदद से 110 रन बनाकर जैकब डफी की गेंद पर आउट हुए। आखिर में हर्ष ठाकेर तीन रन और डिलन हेलिगर आठ रन बनाकर नाबाद रहे।
- न्यूजीलैंड की ओर से हेनरी, डफी, जेमीसन और नीशम को एक-एक विकेट मिला।

न्यूजीलैंड की पारी

- 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवियों को 30 रन पर ही शुरूआती दो झटके लग गए थे। टिम साइफर्ट छह रन और फिन एलेन आठ गेंद पर 21 रन बनाकर आउट हुए।
- इसके बाद रचिन रवींद्र और ग्लेन फिलिप्स ने तीसरे विकेट के लिए 72 गेंदों में 146 रन की नाबाद साझेदारी कर अपनी टीम को जीत दिलाई।
- रचिन 39 गेंद में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 59 रन और फिलिप्स 36 गेंदों में चार चौके और छह छक्कों की मदद से 76 रन बनाकर नाबाद रहे।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11 में इस प्रकार है

न्यूजीलैंड: टिम सिफर्ट (विकेटकीपर), फिन एलेन, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल (कप्तान), कोल मैकोनकी, जेम्स नीशम, काइल जेमीसन, मैट हेनरी और जैकब डफी।

कनाडा: युवराज समरा, दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, हर्ष ठाकेर, श्रेयस मोवा (विकेटकीपर), साद बिन जफर, शिवम शर्मा, जसकरन सिंह, डिलन हेलिगर, अंश पटेल।

क्या हार के बाद हाथ मिलाने का इंतजार करते रह गए पाकिस्तानी खिलाड़ी

कोलंबो। भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराया। मैच के बाद शाहीन अफरीदी और उस्मान तारिक का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे भारतीय खिलाड़ियों की ओर देखते दिखे। भारत की 'नो-हैंडशेक' नीति के कारण हाथ नहीं मिलाया गया, जिससे सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई।

भारत ने कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप-ए मुकाबले में पाकिस्तान को 61 रन से हराकर एक बार फिर दबदबा कायम किया। मैदान पर भारत का प्रदर्शन चर्चा में रहा, लेकिन मैच के बाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहस का विषय बन गया।

वायरल क्लिप में पाकिस्तान की अंतिम बल्लेबाजी जोड़ी शाहीन अफरीदी और उस्मान तारिक, भारतीय खिलाड़ियों की ओर देखते नजर आते हैं। दावा किया जा रहा है कि दोनों खिलाड़ी मैच खत्म होने के बाद भारतीय टीम से हाथ मिलाने का इंतजार कर रहे थे।

भारतीय खिलाड़ी जीत का जश्न मनाने और एक-दूसरे को बधाई देने में व्यस्त थे, जबकि पाकिस्तानी खिलाड़ी कुछ सेकंड तक वहीं ठहरे रहे और फिर पवेलियन की ओर लौट गए। हालांकि, यह स्पष्ट रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है कि वे खासतौर पर हैंडशेक के लिए ही रुके थे या किसी और कारण से। भारत ने 2025 एशिया कप के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट औमें नो-हैंडशेक नीति अपनाई हुई है।

दुनिया के दिग्गजों ने कहा- इमरान का हो इलाज: 14 कप्तानों ने शहबाज सरकार से की अपील, इनमें कोई पाकिस्तानी नहीं

नई दिल्ली। इमरान खान की बिगड़ती सेहत को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय ने चिंता जताई है। 14 पूर्व कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से उन्हें तत्काल चिकित्सा सुविधा देने की मांग की, लेकिन इस सूची में कोई भी पाकिस्तानी कप्तान शामिल नहीं है। मामला अब खेल से आगे बढ़कर मानवीय और राजनीतिक बहस का विषय बन चुका है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और 1992 विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में चिंता बढ़ गई है। 73 वर्षीय इमरान की बिगड़ती सेहत की खबरों के बीच दुनिया के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार को एक संयुक्त पत्र लिखकर उन्हें तत्काल और उचित चिकित्सा सुविधा देने की मांग की है। हालांकि, आश्चर्य की बात तो यह है कि इस लिस्ट में एक भी पाकिस्तानी कप्तान नहीं है।

इन 14 पूर्व कप्तानों में भारत के महान सुनील गावस्कर और कपिल देव भी शामिल हैं। इन सभी 14 दिग्गज कप्तानों ने इमरान की बिगड़ती सेहत पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अपील की है कि उनकी सरकार इमरान को विशेषज्ञ डॉक्टरों से समुचित इलाज कराए और जो भी जरूरी हो वह उपलब्ध कराए।

इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में भारत के सुनील गावस्कर और कपिल देव के अलावा ग्रेग चैपल, बेलिंडा क्लार्क, माइकल एथरटन, नासिर हुसैन, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियरले, डेविड गावर, किम ह्यूज, क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ और जॉन राइट शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस सूची में किसी भी पूर्व पाकिस्तानी कप्तान का नाम नहीं है।

पत्र में क्या कहा गया

पत्र में पूर्व कप्तानों ने लिखा है, 'हम, अपने-अपने देशों की राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के पूर्व कप्तान, इमरान खान की हिरासत और उनके साथ हो रहे व्यवहार को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। इमरान खान विश्व क्रिकेट के महानतम ऑलराउंडरों और कप्तान में से एक रहे हैं। उन्होंने 1992 विश्व कप में पाकिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाई, जो खेल भावना और नेतृत्व का प्रतीक थी।'

आगे कहा गया, 'हालिया रिपोर्टों में उनकी सेहत, खासकर दृष्टि कमजोर होने की खबरें बेहद चिंताजनक हैं। हम पाकिस्तान सरकार से आग्रह करते हैं कि उन्हें तत्काल, पर्याप्त और विशेषज्ञ चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, हिरासत की स्थिति मानवीय और गरिमापूर्ण होनी चाहिए।'

सेहत को लेकर बढ़ी चिंता

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान की दाहिनी आंख की 85 प्रतिशत रोशनी जा चुकी है। उनके परिवार ने भी आरोप लगाया है कि उन्हें जेल में मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही। दिसंबर 2025 में उनके बेटे सुलेमान ने कहा था, 'वह एक बहुत छोटी कोठरी में हैं, जिसे डेथ सेल कहा जाता है।' इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं। 2022 में सत्ता से हटाए जाने के बाद उन पर भ्रष्टाचार के कई मामले दर्ज हुए। दिसंबर 2025 में उन्हें 31 साल की सजा सुनाई गई।

पाकिस्तानी दिग्गजों की चुप्पी

हालांकि पिछले सप्ताह वसीम अकरम, वकार यूनिस और शाहिद अफरीदी जैसे पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर बेहतर चिकित्सा सुविधा की मांग की थी, लेकिन इस औपचारिक याचिका पर किसी पाकिस्तानी पूर्व कप्तान के हस्ताक्षर नहीं हैं।

खेल से परे एक अपील

पत्र के अंत में लिखा गया है, 'क्रिकेट हमेशा देशों के बीच एक ब्रिज (सेतु) का काम करता रहा है। प्रतिद्वंद्विता पिच तक सीमित रहती है, सम्मान हमेशा कायम रहता है।

वनडे सीरीज के लिए इस धाकड़ ओपनर की भारतीय टीम में वापसी

चोट से उबर कर चार महीने बाद करेंगी वापसी

मुंबई। बोर्ड ने कहा, 'विमेंस सिलेक्शन कमिटी ने ऑस्ट्रेलिया विमेंस के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए प्रतीक रावल को इंडिया की टीम में शामिल किया है, जो ऑस्ट्रेलिया के चल रहे मल्टी-फॉर्मेट टूर का हिस्सा है।'

टीम इंडिया के लिए एक खुशखबरी है। धाकड़ ओपनर प्रतिका रावल फिट हो चुकी हैं और उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है। फिलहाल टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। इसके बाद 24 फरवरी से तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरूआत होगी। प्रतिका पिछले साल अक्तूबर में चोटिल हुई थीं। वनडे महिला वनडे विश्वकप के बीच में टूनामेंट से बाहर हुई थीं। हालांकि, उनकी कई शानदार पारियों ने भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया था।

प्रतिका रावल 26 अक्तूबर को बांग्लादेश के खिलाफ मैच में चोट लगी थी। प्रतिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए चुनी जा चुकी हैं। वह पहली बार टेस्ट खेलती दिख सकती हैं। बोर्ड ने अपने बयान में कहा कि महिला चयन समिति ने चल रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के तहत होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए प्रतिका रावल को टीम में शामिल किया है।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'प्रतिका रावल ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और अक्तूबर में आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के दौरान लगी अपनी टखने की चोट से पूरी तरह ठीक हो गई हैं।'

क्या फिर भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच बनेंगे श्रीजेश

नई दिल्ली। पीआर श्रीजेश ने भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच पद के लिए दोबारा आवेदन किया है। हॉकी इंडिया के महासचिव ने भी पुष्टि कर दी है कि इस पद के लिए छह-सात उम्मीदवार दौड़ में शामिल है।

भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश एक बार फिर जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच बनने की जुगत में हैं। श्रीजेश का कार्यकाल पिछले साल दिसंबर में खत्म हो गया था, लेकिन उन्होंने इसके लिए दोबारा आवेदन किया है। माना जा रहा है कि मुख्य कोच की नियुक्ति को लेकर फैसला कुछ दिनों में हो सकता है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश को अगस्त 2024 में जूनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

विश्व कप में जीता था कांस्य पदक

श्रीजेश के मार्गदर्शन में भारत ने बीते दिसंबर में चेन्नई में आयोजित एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। टीम ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर नौ साल बाद इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल किया था। श्रीजेश ने कहा, हां, विश्व कप के बाद 21 दिसंबर को मेरा अनुबंध खत्म हो गया था और उसके बाद मैं केरल स्थित अपने गृहनगर में हूं। मुझे पता है कि छह-सात अन्य उम्मीदवारों ने भी आवेदन किया है। श्रीजेश ने अपने कोचिंग के अनुभव पर कहा, यह सीखने का शानदार अनुभव रहा। मैंने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अनुभव साझा किए। उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन विश्व कप का कांस्य पदक खास रहा। हमारा लक्ष्य हालांकि स्वर्ण था। संन्यास के बाद मेरा मकसद खेल को कुछ लौटाना था और जूनियर खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव का साझा करने से बेहतर क्या हो सकता है।

महासचिव ने नामों का नहीं किया खुलासा

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि कम से कम छह अन्य उम्मीदवार भी दौड़ में हैं। उन्होंने हालांकि नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा, ह्लनियमित प्रक्रिया के तहत जूनियर पुरुष टीम के कोच पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया है क्योंकि श्रीजेश का अनुबंध विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था। स्क्रीनिंग और साक्षात्कार के बाद अगले एक-दो सप्ताह में नियुक्ति कर दी जाएगी। भोला नाथ ने एफआईएच प्रो लीग के राउरकेला चरण में सीनियर भारतीय पुरुष टीम के निराशाजनक प्रदर्शन पर भी बात की, जहां टीम को बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार चार हार झेलनी पड़ी।

अब तक छह टीमें सुपर-आठ में, बचे दो स्थानों के लिए छह देशों में जंग

नई दिल्ली। ग्रुप स्टेज के अंतिम मुकाबलों से पहले कई समीकरण अब भी खुले हैं, लेकिन छह टीमें अपना टिकट कटा चुकी हैं। सुपर-आठ की जंग अब और भी रोमांचक होने वाली है, जहां बाकी बचा हर मैच नॉकआउट जैसा दबाव लेकर आएगा। ग्रुप-राउंड के मुकाबले 20 फरवरी तक चलेंगे और इसके बाद सुपर-8 राउंड की शुरूआत होगी।

टी20 विश्वकप 2026 में सुपर-8 में पहुंचने की जंग रोमांचक हो चली है। हर ग्रुप में कांटे की टक्कर है और कोई भी हार मानने को तैयार नहीं है। हालांकि, पहले की तुलना में इस विश्वकप में ज्यादा उलटफेर देखने को नहीं मिले हैं, लेकिन फिर भी एक-दो कागज पर कमजोर दिखने वाली टीमों ने मजबूत खेल दिखाया है। भारत समेत अब तक कुल छह टीमों ने सुपर-आठ के लिए क्वालिफाई कर लिया है, वहीं आठ टीमें रेस से बाहर हो चुकी हैं। अब सुपर-आठ में खाली दो स्थान के लिए छह टीमों के बीच टक्कर है।

सभी ग्रुपों का हाल 6 पॉइंट्स में

ग्रुप ए से भारत ने लगातार तीन जीत के साथ सबसे पहले सुपर-8 का टिकट हासिल किया। पाकिस्तान पर 61 रन की बड़ी जीत ने टीम का आत्मविश्वास और मजबूत किया। अब इस ग्रुप से दूसरी टीम की दौड़ रोचक है। पाकिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को अपने आखिरी मैच में नामीबिया से भिड़ना है। जीत उसे सीधे अगले दौर में पहुंचा देगी, लेकिन अगर पाकिस्तान हारता है, तो दो जीत के साथ खड़ी अमेरिका टीम बेहतर नेट रन रेट के आधार पर आगे बढ़ सकती है। ग्रुप बी में श्रीलंका टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर सुपर-8 में एंट्री की। इस नतीजे ने ऑस्ट्रेलिया टीम को बाहर होने के कगार पर ला खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया तभी आगे बढ़ सकता है जब जिम्बाब्वे राष्ट्रीय क्रिकेट टीम अपने दोनों बचे मैच हार जाए और उसका नेट रन रेट भी ऑस्ट्रेलिया से खराब रहे। अगर जिम्बाब्वे एक भी मैच जीतता है, तो ऑस्ट्रेलिया की राह बंद हो जाएगी। इसके अलावा आयरलैंड टीम भी समीकरण में है। यदि आयरलैंड जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत हासिल करता है, यानी 100 रन से या फिर 10 ओवर में मैच खत्म करके और चार अंक पर पहुंचता है, तो उसका नेट रन रेट ऑस्ट्रेलिया से बेहतर हो सकता है और टीम सुपर-8 में जा सकती है। इस स्थिति में आयरलैंड को मनाना होगा कि जिम्बाब्वे श्रीलंका से आखिरी ग्रुप मैच हार जाए। अगर जिम्बाब्वे श्रीलंका को हराता है तो श्रीलंका और जिम्बाब्वे का पहुंचना तय हो जाएगा।

ग्रुप सी में इंग्लैंड टीम ने इटली को 24 रन से हराकर टूनामेंट की तीसरी जीत दर्ज की और सुपर-8 में जगह बनाई। वेस्टइंडीज की टीम पहले ही तीन मैचों में तीन जीत के साथ अगले दौर में पहुंच चुकी थी। इस ग्रुप में अब बाकी टीमें सिर्फ सम्मान के लिए खेलेंगी।

ग्रुप डी में अफगानिस्तान टीम की यूएई पर जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-8 में जगह बना ली। वहीं, मंगलवार को न्यूजीलैंड ने कनाडा को हराकर अपना आखिरी ग्रुप मैच जीता और टीम छह अंक लेकर सुपर आठ के लिए क्वालिफाई कर गई। इसी के साथ ग्रुप डी से एक साथ तीन टीमें एलिमिनेट हो गईं।

ग्रुप अ अंक तालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	NRR
भारत (द)	3	3	0	6	+3.050
यूएसए	4	2	2	4	+0.787
पाकिस्तान	3	2	1	4	-0.403
नीदरलैंड	3	1	2	2	-1.352
नामीबिया (ए)	3	0	3	0	-2.443

रणजी सेमीफाइनल में शमी का कहर, आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं को दिया करारा जवाब

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर राष्ट्रीय चयनकताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। 17 फरवरी को कल्याणी के बंगाल क्रिकेट एकेडमी मैदान में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलते हुए शमी ने जम्मू-कश्मी की पहली पारी के दौरान आठ विकेट झटककर सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, बंगाल की स्थिति खराब है जम्मू-कश्मीर को दूसरी पारी में जीतने के लिए 126 रन बनाने हैं।

सेमीफाइनल में घातक स्पेल

बंगाल क्रिकेट ग्राउंड पर शमी ने रफ्तार, सटीक लाइन-लेंथ और अनुभव का बेहतरीन नमूना पेश किया। पहली पारी के 59वें ओवर में उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज कनहैया वधावन को कैच आउट कर अपना पांचवां विकेट पूरा किया। इसके बाद उनका जोशीला जश्न साफ दिखा कि वह किस आत्मविश्वास में गेंदबाजी कर रहे हैं। मैच में कुल आठ विकेट लेकर शमी ने साबित किया कि घरेलू क्रिकेट में उनका फॉर्म लगातार निखर रहा है।

पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन

35 वर्षीय शमी इस रणजी सीजन में अब तक सात मैचों में 38 विकेट ले चुके हैं, जिसमें तीन बार पांच विकेट हॉल शामिल है। पिछले महीने सर्विसेज के खिलाफ भी उन्होंने 5/51 का बेहतरीन प्रदर्शन किया था। सिर्फ लाल गेंद ही नहीं, बल्कि विजय हजारे ट्रॉफी में भी उन्होंने सात मैचों में 15 विकेट लिए और 6.09 की इकॉनमी से गेंदबाजी की।

क्या होगी टीम इंडिया में वापसी?

शानदार प्रदर्शन के बावजूद शमी हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और 2026 टी20 विश्व कप की टीम में जगह नहीं बना सके। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से वह भारतीय टीम से बाहर हैं और बीसीसीआई का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी खो चुके हैं। हालांकि, मौजूदा फॉर्म को देखते हुए चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा, खासकर तब जब 2026 में भारत के सामने बड़े टेस्ट मुकाबले हैं।

रणजी ट्रॉफी के बाद शमी आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स की ओर से खेलते नजर आएंगे, लेकिन जिस लय में वह हैं, उससे साफ है कि उनका लक्ष्य सिर्फ फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं, बल्कि टीम इंडिया में जोरदार वापसी है।

मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में आठ विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। पूरे सीजन में 38 विकेट के साथ वह बेहतरीन फॉर्म में हैं। घरेलू क्रिकेट में लगातार सफलता के बाद अब सवाल यही है कि क्या चयनकर्ता उन्हें फिर से टीम इंडिया में मौका देंगे

बंगाल-जम्मू-कश्मीर मैच में क्या हुआ

मैच की बात करें तो बंगाल ने अपनी पहली पारी में 328 रन बनाए थे। जवाब में जम्मू-कश्मीर की पहली पारी 302 रन पर समाप्त हुई थी और बंगाल को दूसरी पारी में 26 रन की बढ़त हासिल थी। इसके बाद बंगाल री दूसरी पारी महज 99 रन पर सिमट गई और उनकी कुल बढ़त 125 रन की हुई। इस तरह जम्मू कश्मीर को 126 रन का लक्ष्य मिला।

आरिफ मोहम्मद का मिलानो कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक में जलवा, पुरुष स्लालोम में 39वां स्थान हासिल

नई दिल्ली। आरिफ मोहम्मद खान ने मिलान कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक की पुरुष स्लालोम स्पर्धा में 2:41.60 मिनट के संयुक्त समय के साथ 39वां स्थान हासिल किया।

भारत के शीर्ष अल्पाइन स्की खिलाड़ी आरिफ मोहम्मद खान ने मिलान कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक में पुरुष स्लालोम स्पर्धा में दो संयुक्त रन के बाद 39वां स्थान हासिल किया। आरिफ ने स्टेलवियो स्की सेंटर पर दोनों रन मिलाकर 2 मिनट 41.60 सेकंड का समय निकाला। दोनों रन पूरे करने वाले खिलाड़ियों में वह 39वें और अंतिम स्थान पर रहे। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने शीतकालीन ओलंपिक के पुरुष स्लालोम में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया।

पहले रन में आरिफ 96 प्रतिभागियों में 1:22.12 मिनट के समय के साथ 44वें स्थान पर रहे, जबकि दूसरे रन में उन्होंने 1:19.48 मिनट का समय निकालकर 39वां स्थान प्राप्त किया। दोनों रन का संयुक्त समय 2:41.60 रहा, जिससे उन्हें कुल मिलाकर 39वां स्थान मिला। इससे पहले भारतीय पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किशोर रतन राय के नाम था, जिन्होंने कैलगरी शीतकालीन ओलंपिक में 2:52.21 मिनट के समय के साथ 49वां स्थान हासिल किया था। शीतकालीन ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ स्लालोम प्रदर्शन महिला वर्ग में शैलजा कुमार के नाम है, जिन्होंने 1988 के कैलगरी खेलों में 2:52.27 मिनट के समय के साथ 28वां स्थान प्राप्त किया था।

35 वर्षीय आरिफ का संयुक्त समय स्विट्जरलैंड के स्वर्ण पदक विजेता कोइक मील्लार्ड (1:53.61) से 47.99 सेकंड अधिक रहा। ऑस्ट्रिया के फाबियो गस्ट्रीन ने 1:53.96 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि नॉर्वे के हेनरिक क्रिस्टाफरसेन 1:54.74 के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

अंशुल पांचाल का वाग्दान समारोह नीतू पांचाल के साथ धूम-धाम से सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ पत्रकार मदन पांचाल के भतीजे अंशुल पांचाल का लग्न सगाई समारोह मंगलवार को नीतू पांचाल के साथ धूम धाम से सम्पन्न हुआ। दुजाना में जगदीश फार्महाउस में आयोजित लग्न सगाई समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। इस शुभ अवसर पर परिवार की ओर से महेन्द्र पांचाल, वरिष्ठ पत्रकार मदन पांचल, महिपाल पांचाल, ओंकार पांचाल, सूबेदार सुनील फौजी , श्रीमति सुधा पांचाल, मंजू पांचाल, वीनीता पांचाल ने सभी अतिथियों का स्वागत सतकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। लग्न सगाई समारोह में पहुंचे सभी गणमान्य अतिथियों ने अंशुल पांचाल और नीतू पांचाल को बधाई देते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

बालिका सशक्तिकरण हेतु 'पावर एंजेल' कार्यशाला का सफल आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। खंड शिक्षा अधिकारी,मुरादनगर जमुना प्रसाद की अध्यक्षता में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता हेतु सुगमकरता की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ डायट परिसर,असालतनगर, मुरादनगर में किया गया, जिसमें ब्लाक भोजपुर एवं मुरादनगर की 86 सुगमकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद एवं जिला नोडल बालिका शिक्षा पूनम शर्मा द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। ब्लॉक जेंडर नोडल एवं संदर्भदाता रेनू चौधरी ने सभी के परिचय के साथ रोचक गतिविधि कराई। ब्लॉक जेंडर नोडल एवं संदर्भदाता अनुराधा चौधरी ने मीना मंच के गठन एवं कार्यवाही के विषय में चर्चा की। प्रतिभागियों से टूल 10 के विषय में चर्चा करते हुए आधा फुल कॉमिक पर रोल प्ले भी किया। सभी से अरमान मॉड्यूल, प्रगति के पंख, टूल 10 पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला नोडल पूनम शर्मा द्वारा ऊजार्वान संबोधन में कहा गया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पावर एंजेल एवं प्रत्येक बालिका को सशक्त करना है जेंडर इक्विटी एवं चुप्पी तोड़ो जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। प्रशिक्षण के दोनों दिन जिला नोडल पूनम शर्मा मौजूद रही। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक नोडल सुचिता, रीनू व निशी शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

मलकपुर स्टेडियम में तैयार होगा घास का मैदान

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर के एथलीट्स के लिए अब घास का मैदान तैयार किया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर से 1.41 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया है। यह मैदान ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैयार होना है। स्टेडियम में इंटरलॉक, मिट्टी भराव किया जाएगा, ताकि जिले के खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से वंचित न हो सकें।

जिले में घास का मैदान न होने से प्रतिभावान एथलीट्स को प्रतियोगिता की तैयारी के लिए दिल्ली समेत आसपास के जिलों में जाना पड़ता है। इससे उनका समय और पैसा दोनो बर्बाद होते हैं।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि मैदान के लिए जिलाधिकारी की कमेटी की ओर से खेल निदेशालय को भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया गया है। नए मैदान से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा।

सिंथेटिक ट्रैक बनना था, लेकिन मंजूरी नहीं मिली

पहले जिले में सिंथेटिक ट्रैक बनाने की योजना थी लेकिन स्टेडियम में मैदान अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा नहीं उतरा। इस कारण सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण को मंजूरी नहीं मिली। स्टेडियम में अब तक रोजाना करीब 30 से 35 खिलाड़ी अभ्यास के लिए आते हैं। घास का मैदान बनने के बाद यह संख्या बढ़ सकती है।

छह गांवों में 1.12 करोड़ से नालों का होगा निर्माण

हापुड़। जल निकासी बेहतर करने के लिए जिला पंचायत छह गांवों में 1.12 करोड़ से नालों का निर्माण कराएगी। इसके लिए टेंडर निकाले गए हैं। निवेश, नवाचार और नीतिः एआई की वैश्विक दौड़ में भारत की दावेदारी, दर्शक नहीं निर्णायक खिलाड़ी विभाग द्वारा करीब 20 लाख रुपये से ग्राम सपनावत में बिजलीघर से लोकेश पहलवान के प्रतिष्ठान तक, करीब 18 लाख रुपये से ग्राम बिगास में डिपो की ओर, 19.52 लाख रुपये से ग्राम भोवापुर मस्ताननगर में पूर्व में बने नाले से साइफन की ओर, 16.50 लाख से ग्राम उदयरामपुर नंगला में सामुदायिक शौचालय से तालाब की ओर, करीब 17 लाख से ग्राम मुदाफरा में पुलिस चौकी से गेट की ओर और करीब 21 लाख से कुचेसर चौपला से मेन रोड पर नाले के निर्माण कराया जाएगा।

यहां देख लो 100 खर्च हुए या नब्बे मगर गेट पर क्यों बैठ जाते हैं बब्बे

वैसे तो इस रामलीला की सबसे खास बात ये है कि यहां हिसाब वाली कॉपी कोई भी उठा लेता है। जो कल तक हिसाब मांग रहे थे वो खामोश हैं और जिनसे हिसाब मांगा जा रहाथा वो आज हिसाब का बीड़ा उठाये हुए हैं। अध्यक्ष पहले ही कह चुके हैं कि व्हाट्सऐप पर हिसाब दूं या दफ्तर में आकर ले लो। लेकिन यहां पर रोचक बात ये पता चली कि जो बब्बे व्हाट्सऐप ग्रुप पर हिसाब मांग रहे हैं वो रामलीला के गेट तक आते हैं मगर कमेटी के दफ्तर तक नहीं आते हैं। हिसाब वालों ने भी बता दिया कि 100 खर्च करे, 80 खर्च करे या 90खर्च करे। लेकिन किसी की समझ नहीं आ रहा कि वो रामलीला के गेट पर आकर बैठ जाते हैं। अरे हिसाब लेना है तो दफ्तर में आ जाओ। ऑफ्टर ऑल एक्सपार्यड कमेटी के टेम्प्रेरी महामंत्री रहे हो। सारे खर्चे तुम्हारे ही टाईम में हुए हैं और इस साल के खर्चे हर पर्चे में लिखे हुए हैं। गेट पर बैठने से भला कहां हिसाब मिलेगा। हिसाब तो कोष वालो के पास मिलेगा। मगर तुम पता नहीं किसे कोस रहे हो।

चौधरी साहब के श्रद्धा वाले फूलों से क्यों दूरी बना ली हैंडपम्प वाली मैडम ने

वैसे तो हैंडपम्प वाले इन दिनों पोलिटिक्ली फ्लावर वालों के सहयोगी हैं। कल तक वो उन बातों की भी बुराई करते थे। जिन बातों में बुराई की जरूरत नहीं है। आज वो उन बातों पर भी खामोश हैं जिन बातों को लेकर बोलना चाहिए। इसे ही राजनीतिक सहयोग कहते हैं। मगर हैंडपम्प वाले चौधरी ने ही कहा कि फूल वालों को सहयोग तो ठीक है लेकिन हैंडपम्प वालों को आपस में भी तो एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। सहयोग और असहयोग के इस मंथन के बीच चिंतन इस बात पर हो गया कि जब चौधरी साहब की जयंती पर श्रद्धा वाले सुमन अर्पित करने थे तब हैंडपम्प वाली मैडम इस पूरे सीन से क्यों अनसीन रहीं। अब हैंडपम्प वाले तो ये भी पता निकाल लाये कि मैडम की लोकेशन गाजियाबाद में ही थी। वो कहीं बाहर भी नहीं गईं थी और बीमार भी नहीं थीं। हैंडपम्प वाले ही कह रहे हैं कि हमारे जैसे छोटे चौधरियों से नाराजगी हो सकती है मगर पार्टी के मुखिया चौधरी साहब से तो ऐसी नाराजगी ठीक नहीं।

गवो नवभाजपाई बोला मैं लखनऊ से नीचे करता हूं किसी से भी बात

भाजपा जब कई वर्षों के बाद सत्ता में आई तो उसने आते ही ज्वाईनिंग के गेट बंद कर दिये। देवतुल्य फूले नहीं समाये औरउन्हें लगा कि अब अच्छे दिन आ गये। लेकिन जब लोनी वाले नेता ने अध्यक्ष को हाशिये पर रखते हुए दिल्ली से ज्वाईनिंग की और उनकी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष बनीं तो स्पष्ट हो गया कि अच्छे दिन किसके आ गये हैं। इसके बाद कई सपाई और बसपाई एक झटके में वरिष्ठ भाजपाई हो गये। कोई दिल्ली से भाजपाई हो गया तो कोई लखनऊ से भाजपाई हो गया। सबसे खास बात ये रही कि ये नव भाजपाई अपनी एक नई नीति भी लेकर आये। नए भाजपाई ने ये बात वरिष्ठ भाजपाई को ही बताई। उसने कहा कि सुनो मेरे भाई मैं लोकल लीडर को कंसीडर ही नहीं करता हूं। मैं लखनऊ से नीचे बात ही नहीं करता हूं। इतनी हवा में उड़ने का रीजन भी समझ में हा गया। जब उसने दिखाया कि मैंने किस किस का हवाई टिकट कराया है। इसलिए मुझे पता है कि यहां टिकट कैसे होता है।

दो युवकों के साथ मारपीट

नोएडा। सिटी सेंटर के पास मोबाइल की दुकान पर हुए विवाद में चार युवकों ने दो दोस्तों से मारपीट कर दी। दोनों दोस्त मोबाइल में टेंपर ग्लास लगवाने गए थे। गिझौड़ गांव में रहने वाले राहुल ने पुलिस से शिकायत की है कि उनका भाई अभिषेक अपने दोस्त आकाश के साथ रविवार को सिटी सेंटर के पास मोबाइल की दुकान पर टेंपर ग्लास लगवा रहा था। इस दौरान वहां पर आदेश, राजू, अनिल व योगेश भी खड़े थे। आरोप है कि चारों ने मिलकर दोनों दोस्तों पर लाठी, डंडा, राड व धारदार हथियार से हमला कर दिया। कोतवाली प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला युवती का शव

हापुड़। हापुड़ में नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित मोहल्ला प्रीत विहार में किराए के मकान में रह रही 30 वर्षीय युवती सरिता का शव सोमवार की देर रात पंखे से लटका मिला। हापुड़ में नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित मोहल्ला प्रीत विहार में किराए के मकान में रह रही 30 वर्षीय युवती सरिता का शव सोमवार की देर रात पंखे से लटका मिला। पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि सरिता, निवासी गांव बागड़पुर थाना गढ़मुक्तेश्वर, पिछले दो माह से प्रीत विहार में किराए पर रह रही थी। वह नोएडा की एक फैक्टरी में नौकरी करती थी और अविवाहित थी। सोमवार की देर रात जब पड़ोसियों ने कमरे का दरवाजा खुला देखा और टॉर्च की रोशनी में झांका, तो उन्होंने सरिता को पंखे से लटका पाया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शिप्रा सनसिटी फेज टू में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड कैंप का किया आयोजन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी फेज-2 अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को सोसाइटी परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष 'आयुष्मान कार्ड कैंप' का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार की योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य से लगाए गए इस कैंप में क्षेत्र के अनेक सीनियर सिटीजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एओए की सह-सचिव सुषमा गंगवार ने बताया कि सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके, इसके लिए विशेष रूप से इस कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि एओए का हमेशा यह प्रयास रहता है कि रेजिडेंट्स, विशेषकर बुजुर्गों को सरकारी योजनाओं का लाभ उनके द्वार पर ही प्राप्त हो सके।

कैंप के दौरान मकनपुर डिस्पेंसरी फार्मासिस्ट सुधीर और कमलेश मिश्रा ने कार्ड बनाने की प्रक्रिया को संपन्न किया। इस अवसर पर विजयपाल मलिक, राकेश गंगवार, राकेश सरीन, राजेंद्र कुमार गोयल, रमेश सिंह, अशोक कुमार महाजन सहित करीब 20 से अधिक बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। मौके पर हुआ पंजीकरण कैंप में आधार कार्ड के माध्यम से पात्रता की जांच की गई और मौके पर ही डिजिटल प्रक्रिया पूरी कर कार्ड जनरेट किए गए।

अब तो अधिकारी भी फंस रहे हैं जाम में

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए अधिकारियों के कार्यालय बदल गए हैं। तो कहा जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों के भीतर एक के बाद एक थानों और अन्य कार्यालयों के गेट पर रीबन काटने का काम शुरू होने वाला है। कोई बता रहा है कि होली के बाद की डेट होगी। तो कई अन्य व्यवस्थाएं भी बदलना शुरू हो गई है लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अलग-अलग जोन में जाम वाला भीषण मामला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। उधर सुनने में आ रहा है कि जिला मुख्यालय और साहब के कार्यालय के बाहर की हालत तो पहले ही बेहाल थी। अब तो मुख्य वाले मार्ग और मुख्य चौराहों का भी यही हाल होने लगा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार को कमिश्नरेट वाले सिस्टम के एक नंबर दो की पोजीशन वाले अधिकारी भी जाम में फंस गए थे, तो इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पिछले दिनों जब उत्तर प्रदेश मुख्य निर्वाचन वाले साहब आए थे, तो उनका भी कार्यक्रम से लौटते समय काफिला जाम की गिरफ्त में आ गया था। हालांकि ज्यादा हो हल्ला नहीं मचा था, थोड़ी देर में ही रास्ता साफ हो गया था। उधर सुनने में अया है कि लगातार ट्रैफिक सुधारने के जोर तो दिए जा रहे हैं लेकिन जिस तरीके से उनके ही महकमे वाले काम चोरी में लगे हुए हैं, उससे मामला बिगड़ रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि जाम का आलम सुबह, रात और शाम को नहीं दोपहर के समय भी होने लगा है। दोपहर के समय कम ट्रैफिक होने के बावजूद भी शहर के प्रमुख और खास इलाके जाम की गिरफ्त में आने लगे हैं। इधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से ट्रैफिक वालों में हजार पुलिस कर्मियों की फौज आ गई है। तो जल्द ही 500 और इसमें शामिल करने का भी काम किया जा सकता है। कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जाम के हालात जैसे चल रहे हैं, वैसे में किसी भी दिन स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल वाली हो सकती है। वैसे भी अब परीक्षाओं का समय है। सभी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और ऐसे में सड़क पर भी भीड़ रहेगी और जाम वाला आलम लोगों को परेशान कर सकता है। उधर सुनने में आ रहा है कि नंबर दो की पोजीशन वाले साहब ने मीटिंग तो जोरदार ली है और उनका रवैया भी टाइट बताया जा रहा है। अब देखना होगा कि जाम में लापरवाही करने वाले ट्रैफिक वालों पर कब एक्शन वाली कार्रवाई शुरू होती है।

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय, गाजियाबाद में महान कर्मयोगी, भारत रत्न एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल को स्मरण करते हुए महिलाओं, पिछड़ों, दलितों एवं अति पिछड़े वर्गों को दिए गए आरक्षण और सामाजिक न्याय की दिशा में उठाए गए ऐतिहासिक कदमों को देश के लिए मील का पत्थर बताया।

महानगर कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष त्रिलोक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और समर्पण का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों पर चलकर सामाजिक समानता और न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में सचिन, कासिम प्रधान, विनोद शर्मा, इस्माइल खान, रवि सूर्य, पवन शर्मा, डीजे मेहता, विनोद कुमार, विनोद कुमार शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जीएनआईओटी रजत जयंती: तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक गौरव का संगम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 'रजत जयंती समारोह' के चौथे दिन तकनीकी विकास और सांस्कृतिक उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। संस्थान के 25 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद जगदंबिका पाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर 'आइडिया लैब' का शुभारंभ किया।

उन्होंने छात्रों द्वारा निर्मित तकनीकी परियोजनाओं का अवलोकन करते हुए 'आत्मनिर्भर भारत' में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर बल दिया। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता, वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता, जिला अध्यक्ष (बीजेपी) अभिषेक शर्मा और ब्रिगेडियर (डॉ.) राकेश कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने 'रेट्रो टू मेट्रो', 'बॉलीवुड फ्यूजन' और 'महिला सशक्तिकरण' जैसी थीम पर आधारित नृत्य और गायन से समां बांध दिया।

समारोह के दौरान 'ब्रिज कृति', 'स्क्विड गेम' और ऑनलाइन गेमिंग प्रतियोगिता 'बैटल ऑफ बाइट्स' का आयोजन किया गया, जिसमें 90 से अधिक टीमों ने अपनी तकनीकी दक्षता दिखाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 'शैक्षणिक उपलब्धि' और 'सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति' पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता ने संस्थान की शोध-आधारित शिक्षा प्रणाली को रेखांकित करते हुए भविष्य के नेतृत्व निर्माण का संकल्प दोहराया।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मीना कौशिक ने अपनी लाडली बिटिया को जन्मदिन पर आशीर्वाद दिया। हमेशा स्वस्थ रहने दीर्घायु रहने की कामना करते हुए उन्होंने प्रभु श्रीगणेश, महागौरी, हनुमानजी, श्रीहरि विष्णु, मांग लक्ष्मी , भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का आशीर्वाद अपनी बिटिया के लिए मांगा। सभी मित्रों से अपनी बिटिया के लिए आशीर्वाद की कामना की। अपनी बेटी के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। मीना कौशिक की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

नाइजीरिया में बोको हराम के खतरे के बीच पहुंचा अमेरिकी सैनिकों का दल

अंबुजा। करीब 100 अमेरिकी सैनिक नाइजीरिया पहुंचे हैं। जो वहां लड़ाई नहीं करेंगे, सिर्फ ट्रेनिंग, तकनीकी और खुफिया मदद देंगे। बता दें कि नाइजीरिया ने खुद अमेरिका से सहायता मांगी थी। दरअसल, देश में कई आतंकी और हथियारबंद गिरोह सक्रिय हैं। इनमें बोको हराम, आईएस से जुड़े संगठन और अपहरण गिरोह शामिल हैं।

नाइजीरिया में आतंकवाद और हथियारबंद गिरोहों से लड़ाई तेज होती जा रही है। इसी बीच अमेरिका ने करीब 100 सैनिक और सैन्य उपकरण वहां भेजे हैं।

नाइजीरियाई सेना ने बताया कि ये अमेरिकी सैनिक लड़ाई नहीं करेंगे, बल्कि वहां की सेना को ट्रेनिंग देंगे, तकनीकी मदद देंगे और खुफिया जानकारी साझा करेंगे।

नाइजीरिया में हालात क्यों बिगड़े

दरअसल, नाइजीरिया में स्थानीय आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं और पड़ोसी देशों से भी आतंकी घुसपैठ बढ़ी है। इसके साथ अपहरण और अवैध खनन करने वाले गिरोह भी हिंसा फैला रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार अभी तक आम लोगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा पाई है। दिसंबर में, अमेरिकी सेना ने उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप से जुड़े आतंकवादियों पर एयरस्ट्राइक की थी।

क्यों भेजे गए अमेरिकी सैनिक

नाइजीरिया की सरकार ने खुद अमेरिका से मदद मांगी थी। देश में कई आतंकवादी और हथियारबंद गिरोह सक्रिय हैं। इनमें बोको हराम, आईएस से जुड़े संगठन और अपहरण करने वाले गिरोह शामिल हैं। इन हमलों में अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है।

नाइजीरिया में क्या करेंगे अमेरिकी सैनिक

नाइजीरिया के डिफेंस हेडक्वार्टर के स्पोक्सपर्सन मेजर जनरल समैला उबा के अनुसार, अमेरिकी सैनिक सीधे युद्ध में हिस्सा नहीं लेंगे, केवल ट्रेनिंग, सलाह और जानकारी देंगे। इस दौरान पूरे ऑपरेशन की कमान नाइजीरिया के पास ही रहेगी।

अमेरिका-नाइजीरिया तनाव

कुछ समय पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया था कि नाइजीरिया में ईसाइयों की सुरक्षा नहीं हो रही। लेकिन नाइजीरिया सरकार ने इस आरोप को गलत बताया और कहा कि आतंकवादी धर्म देखकर नहीं, बल्कि इलाके के हिसाब से हमला करते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, हमलों के ज्यादातर शिकार नाइजीरिया के मुस्लिम बहुल उत्तरी इलाकों के लोग हैं।

ईरान-अमेरिका बातचीत पर राष्ट्रपति ट्रंप ने दी चेतावनी, बोले- डील नहीं हुई तो होंगे गंभीर नतीजे

वॉशिंगटन। ईरान के साथ परमाणु-मुद्दे पपर बातचीत के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बातचीत से समाधान चाहते हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने सख्त चेतावनी भी दे रहे हैं यानी कूटनीति और दबाव- दोनों रास्ते खुले रखे गए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच जिनेवा में होने वाली बातचीत को वे समर्थन देते हैं और खुद भी अप्रत्यक्ष रूप से इसमें जुड़े रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार दोनों देश किसी समझौते पर पहुंच सकते हैं।

ट्रंप ने ईरान को चेतावनी भी दी

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान बहुत सख्त बातचीत करने वाला देश है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह इस बार ज्यादा समझदारी दिखाएगा। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो इसके गंभीर नतीजे हो सकते हैं। ट्रंप का दावा है कि अगर अमेरिका ने हाल में सैन्य कार्रवाई न की होती, तो ईरान एक महीने में परमाणु हथियार बना सकता था।

यह बातचीत मुख्य रूप से इन मुद्दों पर हो रही है। इसमें ईरान का परमाणु कार्यक्रम, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका के प्रतिबंध शामिल हैं। पहले भी कई बार बातचीत हुई, लेकिन या तो समझौते टूट गए या सिर्फ अस्थायी समाधान निकल पाया।

ट्रंप ने घरेलू मुद्दों पर भी बातें की

इस दौरान अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में महंगाई बहुत कम है। उन्होंन पेट्रोल की कीमत कई जगह 2 डॉलर प्रति गैलन से कम बताई। वहीं अपराध के मुद्दे पर उनका दावा है कि अमेरिका में हत्या के मामले 1900 के बाद सबसे कम हैं। जबकि सीमा सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि हजारों अवैध प्रवासियों को देश से वापस भेजा गया है।

राजनीति और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दे: राष्ट्रपति ट्रंप ने सरकारी फंडिंग विवाद के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार बताया। वहीं वोटर आईडी पर भी उन्होंने विपक्ष पर धोखाधड़ी चाहने का आरोप लगाया। ट्रंप ने इस दौरान क्यूबा से बातचीत जारी होने की बात कही। वहीं चीन के राष्ट्रपति से बातचीत के बाद ताइवान पर जल्द फैसला लेने की बात कही। पहले ईरान में अमेरिका-समर्थित राजा (शाह) था। 1979 में इस्लामिक क्रांति हुई और नई सरकार बनी जो अमेरिका के खिलाफ थी। सबसे बड़ा टकराव तब हुआ जब ईरानी छात्रों ने अमेरिकी दूतावास पर कब्जा कर लिया। इस दौरान 52 अमेरिकी लोगों को 444 दिन तक बंधक रखा। यहीं से दोनों देशों के रिश्ते बहुत खराब हो गए।

रहमान कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक मंत्री शामिल

ढाका। बांग्लादेश में एक ऐतिहासिक राजनीतिक बदलाव के तहत बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

इसके साथ ही बीएनपी ने दो दशक बाद सत्ता में वापसी की, नए कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक मंत्रियों ने भी शपथ ली है।

बांग्लादेश में बीएनपी सुप्रीमो तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। उनके साथ 25 मंत्री और 24 राज्य मंत्रियों ने भी शपथ ली है। रहमान कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक मंत्रियों ने भी शपथ ली है। इसमें निताई रॉय चौधरी और दीपेन दीवान चकमा शामिल हैं। हालांकि चर्चा गोयेश्वर रॉय को लेकर थी, जो बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। खालिदा जिया सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) वे राज्य मंत्री थे।

BNP के शीर्ष रणनीतिकार निताई

रॉय चौधरी

जानकारी के अनुसार, 1949 में पैदा हुए निताई रॉय चौधरी एक बांग्लादेशी वकील, राजनीतिज्ञ, और पूर्व मंत्री हैं। निताई रॉय चौधरी, जो मगुरा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। पार्टी के शीर्ष रणनीतिकारों में से एक हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं। उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के प्रत्याशी को सीधी टक्कर में मात दी। 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने मगुरा-2 संसदीय क्षेत्र से जीत हासिल की।

निताई रॉय चौधरी को 1,47,896 वोट मिले हैं। उन्होंने जमात उम्मीदवार मुस्तर्शीद बिल्लाह को 30,838 वोटों के अंतर से हराया है।

दीपेन दीवान चकमा - रहमान कैबिनेट के दूसरे अल्पसंख्यक मंत्री

दूसरे अल्पसंख्यक नेता दीपेन दीवान, बौद्ध बाहुल वाले चकमा एथनिक माइनॉरिटी ग्रुप से हैं। इन्होंने दक्षिण-पूर्व रंगमती जिले की एक सीट से जीत हासिल की।

हालांकि उनकी धार्मिक पहचान साफ नहीं है। कई लोग उन्हें हिंदू बताते हैं। दीवान ने अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी के तौर पर एक निर्दलीय उम्मीदवार को हराया।

तारिक रहमान ने मोहम्मद यूनुस को दिया तगड़ा झटका

नव निर्वाचित सांसदों ने मंगलवार को ढाका में नेशनल पार्लियामेंट के साउथ प्लाजा में शपथ ली। इसके साथ ही बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान ने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को तगड़ा झटका दिया और बीएनपी सांसदों ने कॉन्स्टिट्यूशन रिफॉर्म काउंसिल के मेंबर के तौर पर शपथ नहीं ली।

रहमान ने मोहम्मद यूनुस को दिया झटका, बीएनपी सांसदों ने सुधार परिषद के सदस्य के तौर पर नहीं ली शपथ

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस की देश की शासन व्यवस्था में बड़े बदलाव की मंशा अधर में लटक गई है। दरअसल बीएनपी सांसदों ने सांविधानिक सुधार परिषद पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। जानिए क्या होगा इसका असर...

बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में बड़ी जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नए सांसदों ने मंगलवार को ढाका में राष्ट्रीय संसद के साउथ प्लाजा में पद की शपथ ली। इसके साथ ही बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। तारिक रहमान ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस को तगड़ा झटका दिया है। दरअसल, बीएनपी सांसदों ने सांविधानिक सुधार परिषद के सदस्य के तौर पर शपथ नहीं

ली है।

मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने मंगलवार सुबह देश के संविधान के अनुसार सांसदों को शपथ दिलाई। दरअसल, 12वीं संसद के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का पद खाली होने की वजह से चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह संसद सचिवालय सचिव कनीज मौला ने करवाया।

बांग्लादेशी मीडिया ने जानकारी दी है कि बीएनपी सांसदों ने सांविधानिक सुधार परिषद के सदस्यों के तौर पर शपथ नहीं ली। बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने ढाका-17 चुनाव क्षेत्र से सांसद के तौर पर शपथ ली। इस दौरान उनकी पत्नी, जुबैदा रहमान और उनकी बेटी जाइमा रहमान शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद थीं।

2024 में शेख हसीना की सरकार गिराए जाने के बाद मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार और 30 राजनीतिक दलों ने मिलकर संवैधानिक, चुनावी और प्रशासनिक सुधारों की एक योजना पेश की जुलाई 2025 में पेश की थी। बांग्लादेशी मीडिया द डेली स्टार ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत में बीएनपी नेता सलाउद्दीन अहमद ने कहा कि पार्टी चीफ तारिक रहमान के कहने पर बीएनपी के सभी नए चुने गए सांसदों को संविधान सुधार परिषद फॉर्म पर हस्ताक्षर न करने का निर्देश दिया गया है, क्योंकि उन्हें परिषद का सदस्य नहीं चुना गया था। दूसरी ओर, बांग्लादेशी अखबार प्रोथोम आलो के अनुसार, जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) समेत 11 पार्टियों के गठबंधन के नए चुने गए सांसद शपथ न लेने पर विचार कर रहे थे।

ओम बिरला ने बांग्लादेश के नए पीएम तारिक रहमान से की मुलाकातः पीएम मोदी का पत्र सौंपा, भारत आने का दिया निमंत्रण

ढाका। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण के बाद पीएम तारिक रहमान से मुलाकात की। उन्होंने बधाई दी और भारत आने का निमंत्रण दिया। दोनों नेताओं ने भारत-बांग्लादेश के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प जताया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी। बिरला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है।

भारत की विदेश नीतिप्रीमियम

पड़ोसी प्रथम नीति और चिंताएंः दक्षिण एशिया में भारत की चुनौती,

पड़ोस में कैसे फिर से जीते भरोसा?

कितने अमीर हैं बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्रीः तारिक रहमान को ढट के तौर पर कितनी ताकत मिलेगी, वेतन क्या होगा?

रहमान को भारत आने का दिया निमंत्रण

मुलाकात के दौरान, बिरला ने रहमान को पद ग्रहण की बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के लोगों के भले के लिए मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की।

बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने बताया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कहा कि दोनों नेता जनकेंद्रित सहयोग के तहत भारत और बांग्लादेश के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए आशावादी हैं।

'सहयोगियों पर चीन से दूरी का दबाव नहीं डालेगा अमेरिका', विदेश मंत्री रुबियो बोले- राष्ट्रीय हित सर्वोपरि

बुडापेस्ट। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिका किसी भी देश को चीन से संबंध तोड़ने के लिए मजबूर नहीं करेगा। ट्रंप प्रशासन की नई विदेश नीति में राष्ट्रीय हित और व्यावहारिक दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी गई है।

अमेरिका ने साफ कर दिया है कि वह अपने सहयोगी देशों से चीन से दूरी बनाने की कोई वैचारिक शर्त नहीं रखेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की प्राथमिकता यह है कि दुनिया का हर देश अपने राष्ट्रीय हित में निर्णय ले। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान रुबियो ने कहा 'हम किसी भी देश से यह नहीं कह रहे कि वे खुद को किसी से अलग-थलग करें, चाहे वह चीन ही क्यों न हो।'

यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और चीन के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तेज है। हालांकि, रुबियो ने स्पष्ट किया कि प्रतिस्पर्धा का मतलब संबंध खत्म करना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पागलपन होगा कि अमेरिका और चीन आपस में बातचीत या संबंध न रखें।

ट्रंप प्रशासन की नई विदेश नीति

रुबियो ने संकेत दिया कि ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति वैचारिक दबाव के बजाय व्यावहारिक दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हर देश को अपनी भौगोलिक, आर्थिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर फैसले लेने होते हैं।

इस दौरे के दौरान अमेरिका और हंगरी के बीच नागरिक परमाणु कार्यक्रम में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। हंगरी, जो नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य है, हाल के वर्षों में चीन के निवेश को बढ़ावा देता रहा है।

रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और हंगरी केप्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन के बीच बहुत करीबी व्यक्तिगत और कार्य संबंध हैं, जिसने द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत किया है। ऑर्बन ने मौजूदा दौर को अमेरिका-हंगरी संबंधों का स्वर्ण युग बताया।

चीन पर खुलापन, लेकिन आर्थिक चेतावनी भी

हालांकि अमेरिका चीन से रिश्ते बनाए रखने की बात कर रहा है, लेकिन रुबियो ने आर्थिक निर्भरता को लेकर स्पष्ट चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा दुनिया के लिए यह अच्छा नहीं है कि किसी एक देश या अर्थव्यवस्था पर 90 प्रतिशत तक निर्भर रहा जाए, खासकर महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं में। प्रेस वार्ता में यूक्रेन युद्ध का मुद्दा भी उठा। रुबियो ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि युद्ध समाप्त हो और वह दोनों पक्षों को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहा है। ईरान पर उन्होंने कहा कि कोई भी समझौता आसान नहीं होगा, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप शांतिपूर्ण समाधान को प्राथमिकता देते हैं।

न्यूजीलैंड में तूफान से उड़ानें बाधित, स्कूल बंद

न्यूजीलैंड। न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप के कई हिस्सों में सोमवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण हवाई जहाज, रेल और नौका सेवाएं बाधित हुईं हैं। कई जगहों पर सड़कें बंद करनी पड़ीं। साथ ही हजारों निवासियों की बिजली गुल हो गई। हवाई अड्डे के मुताबिक, राजधानी वेलिंगटन से आने-जाने वाली अधिकांश उड़ानें रद्द या विलंबित रहीं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एयर न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन, नेपियर और पामर्स्टन नॉर्थ हवाई अड्डों पर अपनी सेवाएं रोक दीं हैं। अधिकारियों ने बताया कि 30,000 से अधिक घरों में बिजली नहीं थी, जिनमें वेलिंगटन के लगभग 10,000 ग्राहक शामिल हैं। वेलिंगटन क्षेत्र के वाहन चालकों से सड़कों पर न निकलने का आग्रह किया गया है, जबकि व्यापक क्षति के बाद आपात दल राहत कार्य में जुटे रहे और अधिकांश स्कूल बंद हैं। एयर न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन, नेपियर और पामर्स्टन नॉर्थ हवाई अड्डों पर अपनी सेवाएं रोकीं।

'80 साल की दोस्ती, 75 साल का गठबंधन', इंडो-पैसिफिक पर बनी सहमति, रिश्तों में अब नई मजबूती

नई दिल्ली। अमेरिका और फिलीपींस ने अपनी ऐतिहासिक साझेदारी को एक बार फिर मजबूत करने का एलान किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका और फिलीपींस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मनीला में आयोजित 12वीं द्विपक्षीय सामरिक वार्ता के दौरान रक्षा, आर्थिक और समुद्री सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई।

मलयेशिया में मोदीः भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नए सिरे से गति देने की कोशिश; द्विपक्षीय सहयोग की नई संभावनाएं

1951 की रक्षा संधि पर फिर मुहर

दोनों देशों ने 1951 की पारस्परिक रक्षा संधि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। संयुक्त बयान में स्पष्ट किया गया कि यह संधि प्रशांत क्षेत्र में किसी भी सशस्त्र हमले की स्थिति में दोनों देशों की सेनाओं, विमानों और सरकारी जहाजों यहां तक कि कोस्ट गार्ड पर भी लागू होगी।

दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच इस संधि का महत्व और बढ़ गया है। बयान में समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय कानून के

अमेरिका और फिलीपींस ने 1951 की पारस्परिक रक्षा संधि की पुष्टि करते हुए इंडो-पैसिफिक में सैन्य, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। दक्षिण चीन सागर में चीन की गतिविधियों पर भी चिंता जताई गई।

सम्मान पर जोर दिया गया।

दक्षिण चीन सागर पर चीन को संदेश

संयुक्त बयान में चीन की अवैध, आक्रामक और दबावपूर्ण गतिविधियों की आलोचना की गई और कहा गया कि इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता प्रभावित हो रही है।

दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक में मुक्त, खुला और सुरक्षित क्षेत्र बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही यह भी कहा गया कि प्रथम द्वीप श्रृंखला में सामूहिक रक्षा किसी भी आक्रामकता को रोकने के लिए जरूरी है।

सैन्य सहयोग और नई तैनाती

अमेरिका और फिलीपींस ने 2026 में पांचवीं टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता आयोजित करने का फैसला किया है। दोनों पक्षों ने संयुक्त सैन्य क्षमता और आपसी तालमेल बढ़ाने, अत्याधुनिक मिसाइल और मानवरहित प्रणालियों की तैनाती बढ़ाने तथा साइबर सुरक्षा सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई। इसके अलावा जापान के साथ विदेश मंत्रियों स्तर की त्रिपक्षीय वार्ता भी प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्रीय रणनीतिक संतुलन को नई दिशा मिल सकती है।

आर्थिक सुरक्षा भी राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा

बैठक में आर्थिक सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला को राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा बताया गया। दोनों देशों ने लूजोन इकोनॉमिक कॉरिडोर में निवेश बढ़ाने और 2026 में मनीला में पहला निवेश फोरम आयोजित करने की घोषणा की। परिवहन, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी। साथ ही सुरक्षित और मानक-आधारित क्रिटिकल मिनरल्स सप्लाई चेन विकसित करने का संकल्प लिया गया।

भारत और इंडो-पैसिफिक के लिए क्या मायने

अमेरिका-फिलीपींस गठबंधन में बढ़ती सक्रियता को भारत सहित अन्य इंडो-पैसिफिक साझेदार ध्यान से देख रहे हैं। समुद्री सुरक्षा, सप्लाई चेन विविधीकरण और आसियान की भूमिका क्षेत्रीय रणनीतिक संतुलन के केंद्र में हैं। स्पष्ट है कि इंडो-पैसिफिक अब वैश्विक शक्ति संतुलन का अहम मंच बन चुका है, जहां अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ रक्षा और आर्थिक साझेदारी को नए स्तर पर ले जाने में जुटा है।

परमाणु और स्वास्थ्य सहयोग

नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिका ने 15 लाख डॉलर की सहायता की घोषणा की है, जिसके तहत फिलीपींस में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) कंट्रोल रूम सिम्युलेटर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा अमेरिका ने फिलीपींस की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 250 मिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता भी दोहराई। संयुक्त बयान में ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता के महत्व को रेखांकित किया गया। साथ ही किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ बल प्रयोग का विरोध किया गया।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों ने पुलिस टीम पर किया हमला

कराची। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले में सोमवार को आतंकियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में कम से कम तीन पुलिसकर्मियों और तीन आतंकियों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, शांगला पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर पुरान क्षेत्र के बाहरी हिस्सों में आतंकियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान फि तना अल-खवारिज नामक आतंकवादी संगठन के हथियारबंद आतंकियों ने काबुल ग्राम इलाके में पुलिस टीम पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी।

हमले में तीन पुलिसकर्मी मौके पर ही शहीद हो गए। पुलिस ने तुरंत क्षेत्र को घेरकर जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया। हालांकि, कुछ आतंकियों के सहयोगी पर्वतीय इलाके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। अधिकारियों ने मृत आतंकियों की पहचान और उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने शहीद और घायल कर्मियों की बहादुरी को सलाम करते हुए कहा कि खैबर पख्तूनख्वा पुलिस ने कभी भी चुनौतियों का सामना करने से पीछे नहीं हटी और हमेशा राष्ट्र के लिए बलिदान दिया है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

बोर्ड परीक्षाओं और रमजान को लेकर कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर तैनात रहेगा पुलिस बल, वरिष्ठ अधिकारी करेंगे निगरानी

एसीपी स्तर के अधिकारी रखेंगे नजर

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बोर्ड परीक्षाओं और रमजान माह को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सीबीएसई, आईसीएसई और उत्तर प्रदेश बोर्ड की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, नकल-विहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों की सूची पुलिस कमिश्नरेट को उपलब्ध करा दी है। इसके साथ ही नकल रोकने के लिए विशेष दस्तों का गठन किया गया है और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी कड़े निर्देश दिए गए हैं। बीते दिनों राज करण नैय्यर, एडिशनल सीपी गाजियाबाद ने सभी थाना प्रभारियों के साथ बोर्ड परीक्षाओं और रमजान को लेकर समीक्षा बैठक की थी। बैठक में सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता के निर्देश दिए गए।

कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

करंट क्राइम : बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रखेंगे। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम को तत्काल सक्रिय किया जाएगा। सभी एसीपी स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों पर प्रभावी पुलिस तैनाती सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं।

लाउडस्पीकर व डीजे पर सख्ती

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थाना प्रभारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि परीक्षा अवधि के दौरान लाउडस्पीकर और डीजे की आवाज निर्धारित ध्वनि सीमा में ही रहे। धर्मस्थलों पर भी न्यायालय द्वारा तय मानकों के अनुसार ही माइक और लाउडस्पीकर के उपयोग के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने पारदर्शी तरीके से किया आवासों का आवंटन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में प्रातः 11:00 बजे से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत योजना संख्या-930-41डी, निजी विकासकर्ता मैसर्स रॉकफोर्ट डवलपर्स प्रालि बिल्डर्स, खसरा संख्या-1174, ग्राम नूरनगर, गाजियाबाद में निर्मित 146 ई.डब्ल्यू.एस. (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) भवनों के आवंटन हेतु लॉटरी ड्रॉ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 13 वेटिंग सूची के आवेदकों के लिए भी लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न की गई, जिससे सभी पात्र आवेदकों को समान अवसर सुनिश्चित हो सके।

लॉटरी ड्रॉ की कार्यवाही अपर जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद, अपर सचिव महोदय, वित्त नियंत्रक महोदय, परियोजना अधिकारी तथा सी.एल.टी.सी., गाजियाबाद की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आवेदकगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिकों को किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में निजी विकासकर्ता द्वारा निर्मित इन भवनों का आवंटन कर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र ही आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार पारदर्शी एवं जनहितकारी आवंटन प्रक्रिया के माध्यम से आमजन को आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

नोएडा में सभी लिफ्टों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, डीएम की समीक्षा बैठक

नोएडा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बनी उंची इमारतों में आये दिन होने वाले हादसों को रोकने के लिए डीएम की अध्यक्षता में लिफ्ट रजिस्ट्रेशन को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उप्र. लिफ्ट एवं एस्केलेटर अधिनियम 2024 एवं नियमावली 2024 के अंतर्गत जिला गौतमबुद्धनगर में स्थापित सभी लिफ्टों के नियमों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

डीएम मेधा रूपम की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उप्र. लिफ्ट एवं एस्केलेटर अधिनियम 2024 एवं नियमावली 2024 के अंतर्गत जिला गौतमबुद्धनगर में स्थापित सभी लिफ्टों के रजिस्ट्रेशन की समीक्षा की गई।

बैठक में सहायक निदेशक, विद्युत सुरक्षा, समस्त लिफ्ट मैनुफैक्चरिंग कम्पनी, लिफ्ट सर्विस प्रोवाइडर के तकनीकी प्रतिनिधि और जनपद की सोसायटियों के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डीएम ने रजिस्ट्रेशन ड्राइव के दौरान सभी अधिकारियों और मैनुफैक्चरिंग संस्थानों को निर्देशित किया कि वे विशेष अभियान के तहत सोसायटी, हॉस्पिटल, स्कूल, होटल, औद्योगिक भवनों में स्थापित लिफ्टों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी लिफ्ट मैनुफैक्चरिंग कम्पनियों और सर्विस प्रोवाइडरों को निर्देशित किया कि वे जनपद में स्थापित सभी लिफ्टों की सूची दो दिवस के भीतर जिलाधिकारी कार्यालय एवं सहायक निदेशक, विद्युत सुरक्षा को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सोसायटी, हॉस्पिटल, स्कूल, होटल, वाणिज्यक/औद्योगिक भवनों के प्रतिनिधियों से संपर्क कर लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र और एएमसी विवरण की जांच की जाए। वहीं रजिस्ट्रेशन न कराने वाले संस्थानों की जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय और विद्युत सुरक्षा कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि कुछ सोसायटियों और उद्योगों द्वारा रजिस्ट्रेशन व एएमसी शुल्क अत्यधिक बढ़ाया गया है।

संभव में आई पांच शिकायतों पर नगर आयुक्त ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

गाजियाबाद, करंट क्राइम : नगर निगम के नगर आयुक्त द्वारा आयोजित संभव जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं। प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों की टीमों को मौके पर भेजकर आवश्यक कार्रवाई की गई।

संभव जनसुनवाई के अंतर्गत कुल पांच संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें निर्माण विभाग से दो, प्रकाश विभाग से दो तथा स्वास्थ्य विभाग से एक संदर्भ शामिल रहा। राजेंद्र नगर, हिंडन विहार, संजय नगर और बिहारीपुर (विजयनगर) क्षेत्रों के निवासी नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और नगर आयुक्त एवं निगम अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराया। नगर आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने शिकायतों की प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निरीक्षण कर समाधान की प्रक्रिया शुरू की। जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद तथा प्रभारी प्रकाश आश कुमार उपस्थित रहे।

अधिकारियों द्वारा प्राप्त सभी संदर्भों पर मौके पर टीम भेजकर निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जिससे नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। नगर निगम प्रशासन ने आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े मामलों का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाता रहेगा।

समाजवादी पार्टी में संघर्ष की जीत: ताहिर हुसैन का मनोनयन बना समर्पित कार्यकर्ता का सम्मान

लखनऊ (करंट क्राइम)। राजनीति में पद अचानक नहीं मिलते, वे वर्षों के संघर्ष, धैर्य और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा से अर्जित होते हैं। ताहिर हुसैन का प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में मनोनयन भी ऐसी ही एक लंबी तपस्या का परिणाम है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की स्वीकृति से मिला यह दायित्व एक जमीनी कार्यकर्ता के संघर्ष की औपचारिक पहचान है।

ताहिर हुसैन लंबे समय से संगठन के सक्रिय और अनुशासित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं। पार्टी कार्यालय पर नियमित उपस्थिति, हर बैठक में सहभागिता और प्रत्येक प्रदर्शन में अग्रिम भूमिका–यह उनका स्वभाव रहा है, औपचारिकता नहीं। पार्टी कार्यालय में हुए स्वागत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया और नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

माहौल में उत्साह के साथ भावुकता भी थी, क्योंकि यह सम्मान उस मेहनत का था जो अक्सर मंच की रोशनी से दूर रहकर की जाती है।वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं का कहना था कि ऐसे मनोनयन संगठन में नई ऊर्जा भरते हैं। यह संदेश जाता है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर सक्रियता को पार्टी गंभीरता से पहचानती है। प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिलना केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी भी है। ताहिर हुसैन ने इस अवसर पर संगठन की नीतियों और जनहित के मुद्दों को और मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।संघर्ष से सम्मान तक की यह यात्रा बताती है कि राजनीति में असली पहचान पद से नहीं, बल्कि वर्षों की प्रतिबद्धता और कार्यकर्ता की सच्ची निष्ठा से बनती है।

मनरेगा में किए गए बदलाव के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विधानसभा का घेराव

गाजियाबाद में कांग्रेस नेता हाउस अरेस्ट

लखनऊ/ गाजियाबाद। मनरेगा में किए गए बदलाव के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को विधानसभा का घेराव किया। इस विरोध प्रदर्शन में गाजियाबाद के कार्यकर्ता ने भी भाग लिया। वही इस विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता भाग न ले पाए, इसके लिए पुलिस ने जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा व अन्य नेताओं को बीती देर रात हाउस अरेस्ट कर लिया। कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून में बदलाव और इसका नाम बदले जाने के विरोध में मंगलवार को विधानसभा का घेराव करने का ऐलान किया था। सुबह से ही विधानसभा के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे कांग्रेस कार्यकर्ता अलग-अलग क्षेत्र से विधानसभा पहुंचे लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ता रोक लिया। कांग्रेस कार्यकताओं को हटाने के लिए पुलिस ने बाल का प्रयोग किया वहीं गाजियाबाद में कांग्रेस नेताओं की धड़कन देर रात से ही जारी रही।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा मंगलवार के आंदोलन के सिलसिले में जनसंपर्क के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में गए थे वहीं पर उन्हें पुलिस ने रोक लिया बाद में उन्हें पुलिस की निगरानी में उनके घर तक पहुंचाया गया जहां उन्हें हाउस अरेस्ट किया गया। सतीश शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार अब तानाशाही पर उतर आई है। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गरीब मजदूरों को रोजगार गारंटी दिलाने के लिए मनरेगा योजना लाई गई थी। इस योजना के तहत मजदूरों को 100 दिनों की रोजगार की गारंटी दी गई थी उन्होंने कहा कि मजदूर विरोधी भाजपा सरकार ने मनरेगा कानून में बदलाव कर दिया है कई नई शर्तें लगा दी है जिस कारण मजदूरों को अब रोजगार गारंटी नहीं मिल पाएगी। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा को भी घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया था। इसी तरह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजीव शर्मा समेत कई अन्य कार्यकताओं को भी लखनऊ जाने से रोका गया।

बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राजधानी लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने के लिए कूच कर रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया, जिसके बाद कार्यकताओं और पुलिस के बीचे टकराव की स्थिति पैदा हो गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में मंगलवार को सुबह 11 बजे विधानसभा की ओर मार्च करने की योजना थी।

प्रदर्शन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव औरे उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, नेता विधानमंडल कांग्रेस आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी समेत कई सांसद, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सुबह विधानसभा की ओर जाते हुए कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए। अजय राय समेत कई नेता बैरिकेड्स के ऊपर चढ़ गए। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा।

धर्मस्थल तोड़े जाने का वीडियो वायरल जांच के बाद एक गिरफ्तार

गाजियाबाद, करंट क्राइम : कोतवाली थानाक्षेत्र अंतर्गत नवयुग मार्केट स्थित बिहारी नगर इलाके में एक धर्मस्थल को तोड़े जाने का मामला सामने आया है। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गई है। वायरल वीडियो में कुछ लोग खुद को एक हिंदू संगठन से जुड़ा हुआ बताते हुए दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि आरोपी हथौड़ों से लगातार वार कर धर्मस्थल के ढांचे को गिरा देते हैं। हैरानी की बात यह है कि ढांचा तोड़ने के बाद आरोपी केवल मौके से फरार नहीं हुए, बल्कि टूटे हुए हिस्से और मलबा भी अपने साथ ले गए। वीडियो के साथ यह दावा भी किया जा रहा है कि संबंधित धर्मस्थल सड़क के बीच या किनारे बना हुआ था, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और कथित तौर पर बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के मौके पर पहुंचकर ढांचे को ध्वस्त कर दिया। मामले को लेकर थाना प्रभारी कोतवाली सचिन कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों की पहचान कराई गई जिसके बाद एक आरोपी गिरफ्तार है। जल्द ही संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए हुए है और मामले से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के खिलाफ लोनी के मीरपुर हिंदू गांव के आंदोलन को बसपा ने दिया समर्थन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोनी के मीरपुर हिंदू गांव में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के निर्माण के खिलाफ लोगों का आंदोलन अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कांग्रेस के बाद अब बहुजन समाज पार्टी ने भी मीरपुर जाकर लोगों की मांग का समर्थन किया है।

बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई ने मीरपुर हिंदू गांव पहुंचकर ग्रामीणों के आंदोलन का का खुला समर्थन किया है। पार्टी ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के निर्माण के खिलाफ ग्रामीण आंदोलन को जायज ठहराते हुए पुलिस की बर्बर कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। मीरपुर हिंदू गांव में प्रस्तावित वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के विरोध में ग्रामीण डेढ़ माह से धरना दे रहे थे। रविवार को ग्रामीणों ने निर्माण रोकने की कोशिश की तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें कई महिलाओं समेत दर्जनों ग्रामीण घायल हो गए।

बसपा जिलाध्यक्ष मनोज जाटव के नेतृत्व में बसपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मीरपुर हिंदू के लोगों से बात की। जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि अगर स्थानीय निवासी प्लांट का विरोध कर रहे हैं तो प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। कोई भी योजना या प्रोजेक्ट जनता के विरोध में नहीं होना चाहिए। अगर जनता सहमति नहीं देती है तो उसे वहां नहीं बनना चाहिए। वरिष्ठ बसपा नेता पंकज शर्मा ने कहा कि लोनी के मीरपुर हिंदू गांव जिसे पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह ने गोद लिया था, वहां जनता की इच्छा के विरोध में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। इस प्लांट के बनने से वहां का वातावरण दूषित होगा। उन्होंने कहा कि जनता को भरोसे में लिए बिना प्लांट का निर्माण नहीं होना चाहिए।नहीं तो विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बसपा के जिला महासचिव लेखराज बौद्ध, पंकज शर्मा , लोनी विधान सभा अध्यक्ष जितेन्द्र, विधानसभा प्रभारी धर्मपाल, अजित, मनीष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पंचायत में पहुचे। जिलाध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि किसानों की इस जायज लड़ाई में बसपा का एक एक कार्यकर्ता उनके साथ है। जिलाध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की कि इस प्लांट को तत्काल बंद किया जाए। स्थानीय लोगों के साथ सहमति बनाई जाए।

ग्रामीणों को दिए गए पुराने आश्वासनों का पालन हो तथा पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन के बिना कोई प्लांट न बने। बसपा के वरिष्ठ नेता पंकज शर्मा ने प्रशासन से जांच कमेटी बनाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि आम लोगों पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

मालीवाड़ा में गूंजा सनातन स्वर, शहीद प्यारे लाल शर्मा पार्क बना सामाजिक एकता का केंद्र

विराट हिन्दू सम्मेलन में सैकड़ों लोगों की भागीदारी, जागरण और संगठन का आह्वान



गाजियाबाद, करंट क्राइम। मालीवाड़ा स्थित शहीद प्यारे लाल शर्मा पार्क में सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक समाज के अनेक सम्मानित महानुभाव उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज में जागरण, संगठन और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कथा वाचन एवं भजन गायक संजय रैना के मधुर भजनों से हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायी हो उठा। इसके उपरांत राष्ट्र चेतना एवं भारतीय संस्कृति के प्रखर वक्ता सुनील कौशल ने अखंड भारत विषय पर आशीर्वचन देते हुए भारतीय संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में हिन्दू समाज की भूमिका को रेखांकित किया।

विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड क्षेत्र के संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने संघ के सौ वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए हिन्दुत्व और भारतीय एकता की महत्ता को विस्तार से समझाया। उन्होंने समाज से जाति-पाति से ऊपर उठकर एकजुट होने और सनातन मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र को सशक्त बनाने का आह्वान किया। संघ के गाजियाबाद विभाग प्रचारक अतुल ने पंच परिवर्तन विषय पर विचार व्यक्त करते हुए परंपरा, संस्कृति और धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सामाजिक समरसता को अपनाने का संदेश दिया।

इससे पूर्व बालक सक्षम चौहान ने प्रभावशाली कविता पाठ प्रस्तुत किया, जिसमें शिवाजी और पायलट अभिनंदन को समर्पित पंक्तियां शामिल रहीं। विराट हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के अध्यक्ष गोपीचन्द एवं संरक्षक शेर सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सचिव सूरज सैनी और बी डी आर्या ने संचालन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभाई। उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने समन्वय का कार्य संभाला। समिति में विकम सैनी, जतन कौर, अमित तितौरिया, मुकेश सैनी, विकास कुमार गौतम, रामवती, दिलीप सैनी, अमित गौतम और सिद्धार्थ गौतम ने सक्रिय भूमिका निभाई। सहसचिव रविन्द्र शर्मा ने व्यवस्थाओं की निगरानी की। कोषाध्यक्ष प्रशाक गुप्ता ने आर्थिक प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाई।

समिति के सदस्यों में ला. महेन्द्र, जगदीश, महेन्दु, दिनेश मुनीम, मंगू, सतेन्द्र, अशोक, पप्पू, पूजा अग्रवाल, मनोज जिन्दल, अनिल, हरिओम वर्मा, सरला, देवेन्द्री, द्रोपदी, पुष्पा, बाला और सरस्वती ने विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।

पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी और गांजा तस्करी में लिप्त शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार

1.6 किलोग्राम गांजा बरामद

नोएडा। मोटरसाइकिल चोरी कर झपटमारी एवं गांजा की तस्करी करने वाले एक शातिर बदमाश को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 605 ग्राम गांजा व घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। इस बदमाश के खिलाफ नोएडा और दिल्ली के थानों में विभिन्न आपराधिक मामलों में 5 मुकदमे दर्ज है।

थाना सेक्टर-58 पुलिस के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार को लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने एक अभियुक्त शोबित उर्फ सन्नी पुत्र शिवानन्द को डी- पार्क सेक्टर-62 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 605 ग्राम गांजा व घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह अपने साथी रिशू के साथ मोटरसाइकिल चोरी करके मोबाइल फोन स्नेचिंग व दिल्ली से गांजा लाकर बेचता है। अभियुक्त ने अपने साथी रिशू के साथ मिलकर एक मोटरसाइकिल गाजियाबाद से चोरी की थी, जिसके संबंध में थाना विजयनगर, गाजियाबाद पर मुकदमा पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे जानकारी की जा रही है।

बाइक सवार बदमाशों ने युवती का मोबाइल लूटा

नोएडा। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र से बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक युवती का मोबाइल फोन लूट लिया। वहीं दनकौर क्षेत्र में शादी समारोह में भाग लेने गए व्यक्ति की कार का शीशा तोड़कर बदमाशों ने 2.52 लाख रुपये की धनराशि चोरी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर 20 क्षेत्र से बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक युवती का मोबाइल फोन लूट लिया थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि निकिता तिवारी पुत्री प्रकाश तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह दिल्ली के दल्लूपुरा में रहती हैं। पीड़िता के अनुसार वह सेक्टर-4 के पास से गुजर रही थी, तभी मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया। जब उसने विरोध किया तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर उनका सिर फोड़ दिया।

उसे गंभीर चोट आई। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया की युवती की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं युवती का कहना है कि उसके मोबाइल फोन में उसके निजी और बैंकिंग डेटा है। पीड़िता ने आशंका व्यक्त की है कि उसके डेटा का दुरुपयोग कर बदमाश उसके खाते से रकम निकाल सकते हैं। थाना दनकौर क्षेत्र के दादूपुर गांव में एक शादी समारोह में भाग लेने गए व्यक्ति की कार का शीशा तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने कार में रखा हुआ।